



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



पेज 7

ग्वालियर: वर्ष: 3 : अंक: 97 | ग्वालियर सोमवार, 16 जनवरी 2023 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए


# जोशीमठ संकट को लेकर होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के जोशीमठ में हालात गंभीर हो चुके हैं. दरारों वाले मकानों की संख्या लगातार बढ़ रही है. अब तक 782 मकानों में दरारों की खबर है जबकि 148 भवन ऐसे चिह्नित किए गए हैं जिन्हें सरकार ने रहने के लिए असुरक्षित माना है. अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंच चुका है. सुप्रीम कोर्ट में इस संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की गई है. स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. सर्वोच्च न्यायालय सोमवार (16 जनवरी) को इस मामले पर सुनवाई करेगा. शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड 16 जनवरी की वाद सूची के अनुसार प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिंह और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ याचिका पर सुनवाई करेगी.

शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को यह कहते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था कि स्थिति से निपटने के लिए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संस्थाएं हैं और सभी महत्वपूर्ण मामले उसके पास नहीं आने चाहिए. अदालत ने सरस्वती की याचिका को 16 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था. याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील द्वारा याचिका का उल्लेख करने और इसे तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किए जाने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा था, हर महत्वपूर्ण चीज हमारे पास लाने की जरूरत नहीं है. इसे देखने के लिए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संस्थाएं हैं. हम इसे 16 जनवरी को सूचीबद्ध करेंगे.



**याचिका में विकासकार्य रोकने की अपील**–याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि यह संकट बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण के कारण हुआ है और उत्तराखंड के लोगों के लिए तत्काल वित्तीय सहायता तथा मुआवजा दिया जाना चाहिए. याचिका में इस चुनौतीपूर्ण समय में जोशीमठ के निवासियों को सक्रिय रूप से समर्थन देने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है. याचिका में कहा गया है, ÷मानव जीवन और उनके पारिस्थितिकी तंत्र की कीमत पर किसी भी विकास की आवश्यकता नहीं है और अगर ऐसा कुछ भी होता है, तो यह राज्य और केंद्र सरकार का कर्तव्य है कि इसे तुरंत युद्ध स्तर पर रोका जाए.

**चारधाम पर भी पड़ सकता है असर**–बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब जैसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों और स्कीइंग के लिए मशहूर औली का प्रवेश द्वार जोशीमठ भू-धंसाव के कारण एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है. जोशीमठ धीरे-धीरे धंस रहा है, मकानों में, सड़कों और खेतों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ रही हैं. स्थानीय लोगों ने कहा है कि कई मकान झुक गए हैं और धंस रहे हैं.

## एक नजर


### क्रैश होने वाले प्लेन की को-पायलट अंजू का लैंडिंग के बाद होने वाला था प्रमोशन, पति की भी हुई थी विमान हादसे में मौत



नेपाल के पोखरा में एयरपोर्ट पर उतरने के दौरान रविवार (15 जनवरी) को पांच भारतीयों समेत 72 लोगों को लेकर जा रहा एक नेपाली यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस हादसे में अब तक 68 लोगों के शव बरामद किए गए हैं. नेपाली सेना के अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान आज के लिए रोक दिया गया है. कई और शवों को निकाला जाना बाकी है. इस बीच इस हादसे में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान की को-पायलट अंजू खतिवडा की कहानी ने सबकी आंखों को नम कर दिया है. विमान की को-पायलट अंजू खतिवडा की बतौर को-पायलट यह आखिरी उड़ान थी. आज सकुशल लैंडिंग कराने के बाद वो कैप्टन बनने वाली थीं. कैप्टन बनने के लिए वो सीनियर पायलट और प्रशिक्षक कमल केसी के साथ उड़ान पर गई थीं. पायलट बनने के लिए कम से कम 100 आवर्स (घंटों) का फ्लाईंग अनुभव चाहिए. को-पायलट अंजू ने इससे पहले भी नेपाल के लगभग सभी विमानस्थलों में सफलतापूर्वक लैंडिंग कराई थी.

**सफल लैंडिंग के बाद अंजू बन जाती कैप्टन**–पोखरा के लिए उड़ान भरते समय कैप्टन केसी ने उन्हें मुख्य पायलट की सीट पर बैठाया था. आज सफल लैंडिंग के बाद अंजू को मुख्य पायलट का लाइसेंस मिलने वाला था, लेकिन दुर्भाग्य से महज 10 सेकेंड की दूरी पर ही उनके सपने और अरमान धुंए में मिल गए. यति एयरलाइंस के विमान की को-पायलट की कैप्टन बनने से 10 सेकेंड पहले जान चली गई. कैप्टन केसी का पायलट का अनुभव 35 साल का था. केसी पहले भी कई पायलटों को ट्रेनिंग दे चुके हैं और उनके ट्रेंड लोग आज सफल पायलट के रूप में जाने जाते हैं. एक और दुखद संयोग ये है कि को-पायलट अंजू के पति दीपक पोखरेल की भी विमान हादसे में जान गई थी और वो भी यति एयरलाइंस में ही थे. 16 वर्ष पहले उनके पति की मौत भी को-पायलट के रूप में ही हुई थी. 21 जून 2006 को यति एयरलाइंस के जिस विमान की दुर्घटना हुई थी उसके को-पायलट दीपक थे. नेपालगंज से सुर्खेत होते हुए जुम्ला जा रहा यति एयरलाइंस का 9ह्न-श्वक्त विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 6 यात्री और 4 क्रू मेंबर की मौत हो गई थी.

### यूपीआई से करते हैं ट्रांजेक्शन तो मिल गई बड़ी खुशखबरी सरकार ने बजट से पहले किया ये टैक्स माफ




रुपे डेबिट कार्ड और कम कीमत के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा बैंकों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन पर माल और सेवा कर (जीएसटी) नहीं लगेगा. वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है. पिछले हफ्ते केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चालू वित्त वर्ष में रुपे डेबिट कार्ड और कम कीमत के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए बैंकों के लिए 2,600 करोड़ रुपये की इंसेटिव स्कीम को मंजूरी दी थी. रुपे डेबिट कार्ड और कम कीमत के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना के तहत सरकार बैंकों को रुपे डेबिट कार्ड लेनदेन के कीमत और 2,000 रुपये तक की कम कीमत वाले भीम-यूपीआई लेनदेन के फीसदी के रूप में प्रोत्साहन राशि का भुगतान करती है. भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 बैंकों और प्रणाली प्रदाताओं को रुपे डेबिट कार्ड या भीम के माध्यम से भुगतान लेने या किसी को भुगतान करने पर शुल्क लेने से रोकता है. जीएसटी के मुख्य कमिश्नर को भेजे एक सर्कुलर में वित्त मंत्रालय ने कहा कि प्रोत्साहन सीधे सेवा के कीमत से जुड़ी सब्सिडी से संबंधित है. यह केंद्रीय जीएसटी कानून, 2017 के प्रावधानों के तहत लेनदेन के टैक्स योग्य कीमत का हिस्सा नहीं है. इसमें कहा गया है, जैसा कि जीएसटी काउंसिल की ओर से सिफारिश की गई है, यह स्पष्ट किया जाता है कि रुपे डेबिट कार्ड और कम कीमत के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी की ओर से दिए गए इंसेटिव पर जीएसटी नहीं लगेगा. इस तरह का लेनदेन सब्सिडी के रूप में है और इस पर टैक्स नहीं लगेगा.'' यूपीआई ने अकेले दिसंबर में 12.82 लाख करोड़ रुपये के कीमत के 782.9 करोड़ डिजिटल भुगतान लेनदेन का रिकॉर्ड बनाया है. रुपे, कम कीमत के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन पर जीएसटी नहीं लगाने से इस क्षेत्र में और ज्यादा बढ़ोतरी आने की उम्मीद है.

### दिल्ली में अगले तीन दिन पड़ेगी कड़ाके की ठंड

दिल्ली में रिकॉर्ड तोड़ सर्दी पड़ रही है और लोगों को इस ठंड से जल्द राहत नहीं मिलने वाली है. मौसम विभाग ने सोमवार से बुधवार के बीच दिल्ली-एनसीआर में कई स्थानों पर शीत लहर की वापसी की संभावना जताई है. इस दौरान न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 5 जनवरी से 9 जनवरी तक भीषण शीत लहर देखी गई, जो एक दशक में दूसरी सबसे लंबी अवधि के लिए रही. इस महीने अब तक 50 घंटे से अधिक घना कोहरा दर्ज किया गया है, जो 2019 के बाद सबसे अधिक है. अगले 5 दिनों के दौरान पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में रात और सुबह के समय कुछ हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है. मौसम विभाग ने कहा कि 17-18 जनवरी तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आने की संभावना है.

## 50 लाख की रिश्वत! सीबीआई ने रेलवे के बड़े अधिकारी को किया अरेस्ट, सहायक भी पकड़ा गया



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय रेल सेवा के एक बड़े अधिकारी को रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है. पकड़े गए अधिकारी का नाम जितेंद्र पाल सिंह है और वह वर्तमान में गुवाहाटी में सहायक क्षेत्रीय रेल प्रबंधक के पद पर तैनात है. एडीआरएम के साथ ही उसके सहायक (निजी) हरिओम को भी गिरफ्तार किया गया है. सीबीआई सूत्रों के हवाले से ह्रद्ब ने बताया है कि 50 लाख रुपये की रिश्वत के मामले में ये कार्रवाई की गई है. दोनों को रविवार (15 जनवरी) को दिल्ली से उस समय पकड़ा गया जब वे रिश्वत ले रहे थे.

**1997 बैच के अफसर**–जानकारी के मुताबिक जितेंद्र पाल सिंह 1997 बैच के रेलवे इंजीनियर हैं. वर्तमान में उनकी तैनाती गुवाहाटी में एडीआरएम के पद है. मामले को लेकर जांच की जा रही है. हालांकि अभी तक सीबीआई ने गिरफ्तारी को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है. इस हफ्ते 13 जनवरी को सीबीआई को नौकरी के बदले जमीन मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की केंद्र की मंजूरी मिली थी. विशेष अदालत द्वारा एजेंसी की चार्जशीट का संज्ञान लेने के लिए सक्षम प्राधिकरण से मुकदमा चलाने की मंजूरी लेना जरूरी है. सीबीआई ने 7 अक्टूबर 2022 को लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और 14 अन्य के खिलाफ रेलवे में उनके परिवार को उपहार में दी गई या बेची गई भूमि के बदले में की गई कथित नियुक्तियों के संबंध में आरोप पत्र दायर किया था. कथित तौर पर ये घोटाला 2004 से 2009 के बीच हुआ था जब लालू प्रसाद यादव केंद्र की यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे.

## तमिलनाडु में जल्लीकट्टू के दौरान 23 लोग घायल सुरक्षा के लिए लगाई गई थी 3 स्तर की बैरिकेडिंग

तमिलनाडु स्थित मदुरै के अवनियापुरम गांव में पोंगल के अवसर पर रविवार (15 जनवरी) को जल्लीकट्टू कार्यक्रम के दौरान कम से कम 23 लोग घायल हो गए. घायलों में से 13 को मदुरै राजाजी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. बता दें कि जल्लीकट्टू एक खतरनाक खेल होता है. इस खेल में भीड़ के बीच एक सांड को खोल दिया जाता है. जल्लीकट्टू के खेल में खिलाड़ियों को खुले सांड को कंट्रोल करना रहता है. इस खेल में बैलों को काबू करने के लिए खिलाड़ी उतरते हैं. इस खेल को पोंगल के अवसर पर मनाया जाता है. विजेताओं को दोपहिया वाहन, कपड़े, गहने और पैसे दिए जाते हैं, और कई युवा पोंगल त्योहार के दौरान तमिलनाडु में विभिन्न स्थानों पर जल्लीकट्टू कार्यक्रमों में भाग लेते हैं. उल्लेखनीय है कि पोंगल तमिलनाडु का सबसे बड़ा त्योहार है, जो 15 से 18 जनवरी तक मनाया जाता है. जल्लीकट्टू को एरु थझुवुथल और



मनकुविरत्तु के नाम से भी जाना जाता है. जल्लीकट्टू का खेल पोंगल का एक हिस्सा है. तमिल लोग इस खेल को जल्लीकट्टू मदुरै के गांव अवनियापुरम में 15 जनवरी को आयोजित किया गया है. यह खेल पलामेडु में और मंगलवार को अलंगनल्लूर में होगा. मदुरै के जिला कलेक्टर अनीश शेखर ने बताया, अवनियापुरम में हमने जल्लीकट्टू के सुचारू संचालन के लिए सभी प्रबंध किए थे. खिलाड़ियों के साथ ही सांडों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई है. दर्शक भी सुरक्षित रहें, इसलिए जहां बैलों के साथ खेल खेला जाता है वहां 3 स्तर की बैरिकेडिंग लगाई गई है. जिला कलेक्टर ने आगे बताया था, हम स्ट के साथ-साथ तमिलनाडु सरकार के सभी नियमों का पालन करेंगे. अवनियापुरम में हाईकोर्ट का निर्देश है. केवल 25 खिलाड़ी ही (एक समय में) खेलेंगे. हम 300 से लेकर 800 से अधिक खिलाड़ियों (पूरे आयोजन में) के भाग लेने की उम्मीद कर रहे हैं. पोंगल के त्योहार के दौरान, विशेष रूप से तमिलनाडु में, मवेशियों की पूजा की जाती है, जिसमें जल्लीकट्टू के नाम से एक आयोजन किया जाता है. जल्लीकट्टू के खेल में एक सांड को भीड़ के बीच छोड़ दिया जाता है. इस खेल में वहां मौजूद खिलाड़ी अधिक से अधिक समय तक सांड के कूबड़ को पकड़कर उसे काबू में करने की कोशिश करते हैं.

## हिंदू-मुस्लिम एकता की शानदार मिसाल- शिव पुराण कथा के लिए मुस्लिम परिवार ने कटवा दी 60 एकड़ की खड़ी फसल



महाराष्ट्र के परभणी में हिंदू-मुस्लिम एकता की अनोखी मिसाल देखने को मिली. यहां एक हिंदू धार्मिक कार्यक्रम के लिए मुस्लिम परिवार ने अपनी 60 एकड़ जमीन खाली कर दी. पांच दिवसीय शिवपुराण कार्यक्रम के लिए एक मुस्लिम परिवार ने 60 एकड़ जमीन पर खड़ी फसल को कटवा दिया और कार्यक्रम के लिए जमीन की व्यवस्था करवाई. दरअसल, बीजेपी सांसद संजय जाधव परभणी के लक्ष्मी नगरी इलाके में पांच दिवसीय शिवपुराण कार्यक्रम का आयोजन करना चाहते थे. यह आयोजन 13 जनवरी से 17 जनवरी तक होना था. शिवपुराण कथावाचक पंडित प्रदीप नारायण मिश्रा के कार्यक्रम में भारी तादाद में लोगों के आने की आशंका थी. जिसको देखते हुए सड़क के पास एक बड़ी जमीन की तलाश की जा रही थी.

**सैय्यद शोएब की खूब हो रही चर्चा**–जब इस कार्यक्रम की जानकारी सैय्यद शोएब को हुई, तो उन्होंने अपनी खड़ी फसल को कटवा दिया और बीजेपी सांसद को धार्मिक कार्यक्रम कराने के लिए 60 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई. सैय्यद शोएब ने इस फसल को काट कर खेत को पूरा मैदान बना दिया और अपनी करीब 60 एकड़ की जमीन शिवपुराण कार्यक्रम के लिए दे दी. अब शैयद शोएब की पूरे महाराष्ट्र में चर्चा हो रही है. वह हिंदू-मुस्लिम एकता के मिसाल बन गए हैं. सामाजिक कार्यकर्ता सैय्यद अब्दुल कादिर के मुताबिक, दिसंबर में जब मुस्लिम धर्म से जुड़ा एक कार्यक्रम हुआ था तो उसमें हिंदू भाइयों ने भी पूरा योगदान दिया था. उन्होंने कहा, जब हिंदू भाई मुस्लिम कार्यक्रम के लिए अपना हाथ बढ़ा सकते हैं तो मुस्लिम क्यों नहीं कार्यक्रम के आयोजक और बीजेपी सांसद संजय जाधव ने मुस्लिम भाइयों के इस कदम को बेहद सराहनीय बताया. उन्होंने कहा, इससे हिंदू-मुस्लिम एकता का बहुत बड़ा संदेश पूरे देश को जाता है.

## बर्फ से ढंके इलाके में उतार दिया हेलीकॉप्टर, गर्भवती महिला की जान बचाने को भारतीय सेना ने दांव पर लगाई जान

सीमाओं की रक्षा करते हुए शौर्य प्रदर्शन की बात हो या किसी आपात स्थिति में मदद पहुंचाकर सेवाभाव का प्रदर्शन भारतीय सेना के जवान हर परिस्थिति के लिए हमेशा तैयार रहते हैं. ऐसे ही एक मौके पर भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के बर्फ से ढंके एक इलाके से गर्भवती महिला को एयरलिफ्ट किया. सेना की ओर से बयान जारी कर बताया गया कि कुपवाड़ा के तंगधार में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात एक लंबा ऑपरेशन चलाया गया. गर्भवती महिला को शनिवार शाम को तंगधार के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां स्थिति बिगड़ गई और महिला को कुपवाड़ा लाने की जरूरत हुई. इसके बाद उसे वहां से एयरलिफ्ट करने के लिए ऑपरेशन चलाया गया. सेना के अधिकारी ने बताया कि गर्भवती महिला को तंगधार से लाने के लिए एक हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई. उन्होंने बताया कि बर्फ से ढंके उस इलाके में हेलीकॉप्टर की लैंडिग बहुत मुश्किल थी. इसके बावजूद भारतीय सेना ने साहस का प्रदर्शन करते हुए महिला को वहां से कुपवाड़ा के अस्पताल तक एयरलिफ्ट किया. इससे पहले गुरुवार को भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने एक गर्भवती महिला की जान बचाई थी. नियंत्रण रेखा के पास स्थित एक गांव में भारी बर्फबारी के बीच गंभीर दर्द से तड़प रही गर्भवती महिला को बचाने के लिए भारतीय सेना ऑपरेशन चलाया था और उसे वहां से निकालकर उसे अस्पताल पहुंचाया था. सेना की ओर से जारी बयान के अनुसार, महिला को बचाने के लिए भारतीय सेना के जवान भीषण बर्फबारी के दौरान कई किमी तक बर्फ में पैदल चले थे. महिला को बोनियार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए तत्काल एक गाड़ी की व्यवस्था की गई.

### ममता बनर्जी से लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर तक...

# नेपाल विमान हादसे पर इन भारतीय नेताओं ने जताया दुख

नेपाल में रविवार, 15 जनवरी, की सुबह बड़ा विमान हादसा हुआ. यति एयरलाइंस का विमान नेपाल की राजधानी काठमांडू से 205 किमी दूर अचानक पोखरा की खाइयों में जा गिरा. इस हादसे में 68 यात्रियों की मौत हो गई. विमान में 5 भारतीयों समेत 72 लोग सवार थे. इस दुखद घटना पर कई भारतीय नेताओं ने दुख जताया और पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं. भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस घटना पर दुख जताते हुए ट्वीट किया, नेपाल के पोखरा में हुए विमान हादसे के बारे में सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है. हमारी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं. भारत सरकार में केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी ट्वीट किया. उन्होंने लिखा- नेपाल में दुखद विमान दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, नेपाल के पोखरा में दुखद विमान दुर्घटना की खबर से मैं बेहद



व्यथित हूं, जिसने इतने लोगों की जान ले ली है. मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं और भारत के पांच यात्रियों सहित घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

**घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना**–मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, नेपाल के पोखरा में विमान दुर्घटना की खबर से गहरा दुख हुआ है. मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं. मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं. उनकी आत्मा को सद्गति प्राप्त हो.

**लैंडिंग से महज 10 सेकेंड पहले हुआ हादसा**–नेपाल में विमान हादसा लैंडिंग से महज 10 सेकेंड पहले हुआ, वह विमान पहाड़ी से टकराया. उसमें आग लग गई और वह खाई में जा गिरा. वह येती एयरलाइंस का एटीआर-72 विमान था, जिसमें 68 यात्री और चार क्रू मेंबर सवार थे. नेपाली मीडिया के मुताबिक, हादसा रविवार सुबह के समय हुआ था, हालांकि उसका पता बाद में चला. नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, इस फ्लाइट में 5 भारतीय सफर कर रहे थे.

# व्यवसाई की मौत पर एक्शन मूड में आए सदर विधायक, हजारीबाग पुलिस पर बरसे

**उठाया सवाल, पुलिस कस्टडी में कैसे हुई व्यवसाई की मौत, आरोपी पुलिस अधिकारियों पर हत्या का मामला दर्ज करने और दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग कीसदर विधायक के घंटों मशक्कत के बाद हुआ हत्या का मामला दर्ज, मृतक के पत्नी के आवेदन पर टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को बनाया गया आरोपीनिर्दोष व्यवसाई की पुलिस कस्टडी में हत्या होना दुर्भाग्यपूर्ण, न्याय को लेकर हर उचित फोरम में उठाएंगे आवाज़ -मनीष जायसवाल**



स्टेट हेड झारखंड-आनन्द शाही

बीते शनिवार की देर शाम को सदर थाना के एक केस के अनुसंधान के क्रम में काजी मोहल्ला निवासी व्यवसाई सुनील कुमार गुप्ता का पुलिस कस्टडी में मौत हो गया। मौत के बाद मृतक के परिजनों ने खूब बवाल काटा और देर रात तक सदर थाना में मृतक के परिजन और शहर के व्यवसाई इस घटना का विरोध जताते रहे। मृतक के शव को भी सदर थाना के बाहर ही रख दिया गया। इस घटना की जानकारी रात में ही हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को मृतक के परिजनों ने दी और न्याय हेतु उनसे मदद का अपील किया। रात में विधायक मनीष जायसवाल ने अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से स्थानीय पुलिस से बात की और रविवार की अहले सुबह मृतक के खजांची तालाब के शुभम अपार्टमेंट स्थित फ्लैट में पहुंचे। यहां विधायक मनीष जायसवाल ने मृतक की पत्नी, पुत्र सहित अन्य परिजनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली और उसके बाद मृतक के परिजनों के साथ सदर थाना पहुंचे। व्यवसाई की मौत पर विधायक मनीष जायसवाल पूरी तरह एक्शन मोड में दिखे और थाना पहुंचने के बाद उन्होंने सीधे तौर पर इस मौत के जिम्मेवार केस के अनुसंधान टीम में शामिल सभी पुलिसकर्मियों को आरोपी बनाते हुए उनपर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने कई सवाल उठाए और स्पष्ट रूप से पूछा कि जब आपकी कस्टडी में राजेश कुमार गुप्ता थे तो फिर उनकी मौत कैसे हुईड़ विधायक मनीष जायसवाल के सवालों पर हजारीबाग पुलिस हर बार गिरती नजर आई और जवाब देने में आनाकानी करती दिखी। पुलिस के इस रवैए के खिलाफ विधायक मनीष जायसवाल हजारीबाग पुलिस पर भी बरसे। विधायक मनीष जायसवाल ने थाने में मौजूद डीएसपी महेश प्रजापति से स्पष्ट रूप में कहा कि हमलोग इस मामले में उम्मीद कर रहे थे कि पुलिस आगे आकर दोषियों पर कार्रवाई करेगी और मृतक के परिवार के लिए संवेदना जताएगी ताकि भविष्य में यह एक उदाहरण बन सके कि दोषी कोई भी हो कानून के हाथ से बच नहीं सकता है लेकिन जिस प्रकार पुलिस मृतक परिवार के पहले ही किसी अन्य के आवेदन पर कार्रवाई करके दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है वह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक मनीष जायसवाल ने सीधे तौर पर कहा कि इस व्यवसाय की मौत के लिए उनके पास गए पुलिसकर्मी दोषी हैं और दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस किया जाए अन्यथा हम थाने के बाहर धरने पर बैठ जायेंगे। विधायक मनीष जायसवाल के भारी विरोध को देखते हुए मृतक की पत्नी क्या आवेदन पर टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को आरोपी बनाते हुए उन पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया । विधायक मनीष जायसवाल यहां से हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय के आवास पहुंचे और उनसे मिलकर मामले से अवगत कराते हुए मृतक परिवार को न्याय दिलाने की मांग की साथ ही निष्पक्ष पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल टीम गठित कर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। विधायक मनीष जायसवाल को उपायुक्त ने सहाय ने आश्वस्त किया कि विशेष मेडिकल टीम गठित कर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में रिकॉर्डिंग के साथ मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा एवं इस मामले की जांच विशेष कमेटी गठित कर निष्पक्ष रुप से कराई जाएगी। उपायुक्त के यहां से लौटकर विधायक



मनीष जायसवाल हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां दंडाधिकारी सदर सीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्य चिकित्सकों की मेडिकल टीम ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम टीम में डॉ. अजय भेंगरा डॉ.सुभाष प्रसाद और डॉ.अहमद अली शामिल रहे। पोस्टमार्टम के बाद मृतक व्यवसाई का शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया ।विधायक मनीष जायसवाल के साथ थाने में सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, नगर विधायक प्रतिनिधि आशीष सोनी, दारू विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव, भाजपा नेता अर्जुन साव, अजय साहू, सुनील गुप्ता, कैलाश साव, भाजयुमो नेता विक्रमादित्य, मणिकांत सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहें ।

# नवाचारी शिक्षकों को मिला राज्यस्तरीय गिजुभाई पुरस्कार



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज** ।नगर में बच्चों के साथ नवाचार करने वाले 8 शिक्षकों को राज्य स्तरीय गिजुभाई पुरस्कार सम्मानित किया गया ज्ञात हो कि शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा आयोजित शिक्षाविद गिजूभाई पुरस्कार 2022 के सम्मान समारोह में आनंद घर बनाने के लिए चयनित प्रदेश भर के शिक्षकों का विधानसभा भोपाल के मानसरोवर हाल में विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम जी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसमें जिले की सह समन्वयक शिक्षिका ज्योति यादव ने बताया कि 41 जिले के 400 से अधिक शिक्षकों एवं विदिशा जिले की 25 शिक्षकों के साथ सिरोंज से ज्योति यादव- रतनबर्री ,फरहत उन्नीसा - बेरखेड़ी असमा खान-तरवरिया , निशा साध -टोरी बगरोद, मनोज सेन- बजरंग टपरा, मनीषा श्रीवास्तव-बरेंडा, संगीता शर्मा- रतन बर्री ,अंजुम खान- बेंदीगढ़ को सम्मानित किया गया जिसमें जिला टीम के समन्वयक चरण सिंह शाक्य रह

# भाजपा सरकार में आमजन मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित:मानसिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**मेहंगाव** । गोरमी के वार्ड क्रमांक 9 अंबेडकर पार्क में गांधी चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रुप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने उपस्थित होते सर्वप्रथम संविधान के रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा जिले भर में बिजली की समस्या को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है सरकार व प्रशासन हाथ पर हाथ रखे बैठा है आमजन गरीब व अंतिम छोर का व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं के लिए दर-दर भटक रहा हैं,इसलिए हम सब को संकल्प ले कि यह जनविरोधी सरकार को इसी वर्ष होने वाले चुनाव में हम सब जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेगे इसी क्रम में कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष पति महेश्वरी जाटव जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विजय बरेया ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उमेश कुशवाह, माहेश्वरी विजय बरैया,राजू जाटव, ठाकुर लाल सकवार,ओमवीर गर्ग, अमर सिंह कैराना,डॉ अशोक सिंह, कालीचरण गिरदावर जाटव,राजेश पूर्व पार्षद धनीराम रामरतन,आकाश, रामसिंह,श्यामलाल कैराना,सनी इंदौरिया,देवेश कराना,विकास कैराना, राजू कौशल,जोधाराम कुशवाहा पूर्व पार्षद आदि लोग मौजूद रहे।

# सर्वहारा वर्ग की महिलाओं को शिक्षा की पहल करने वाली पहली महिला थी सावित्री बाई फुले

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी** । कचनाव कला में मां सावित्री बाई फुले की जन्म जयंती का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रुप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने उपस्थित होते हुए सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए कहा मां सावित्री बाई फुले का जीवन सर्वहारा वर्ग की महिलाओं के मान सम्मान व उन्हें शिक्षा के अधिकार दिलाने में निकला उन्होंने महिला उत्थान के लिए तमाम कुरीतियों का विरोध करते हुए महिलाओं को सम्मान दिलाया और आज हम सबको उनसे प्रेरणा लेते हुए बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए बेटियां शिक्षित होने से दो कुलो का नाम रोशन करती हैं इसी क्रम में सुरेश कुशवाहा व जिला पंचायत सदस्य राजवीर बघेल ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम आयोजक किशन स्वरूप कुशवाहा ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# नयागांव क्रेशर में ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन के द्वारा आंगनवाड़ी भवन का कराया गया नवनीकरण

ग्राम नयागांव में ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन के द्वारा महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी केन्द्र का नवनीकरण कार्य करवाया गया। और गांधीपुरा आदिवासीपूरा पनिहार में पशु स्वास्थ परिक्षण शिविर लगाकर पशुओं की बीमारियों का परीक्षण कर दवाईयां वितरण की गई। आंगनवाड़ी केंद्र नयागांव क्रेशर मैं मिनी आंगनवाड़ी केंद्र जिस पर ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के ड्क.ष्ठ.ष्ट. की तरफ से आंगनवाड़ी केंद्र की एक कमरा होने के कारण वहां बच्चों को बैठने एवं खेलने मै परेशानी होती तो उसमें ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन ने आंगनवाड़ी की मरम्मत करा कर आगे टीन सेट करवाया गया। ब्रिटानिया टीम से जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र पाटीदार ने बताया की ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की टीम महिला एवं बाल विकास



विभाग,स्वास्थ विभाग एवं शिक्षा विभाग के साथ मिलकर घाटीगांव ब्लॉक में 59 गाँव के 72 आंगनवाड़ी और 113 स्कूल में कुपोषण एवं एनीमिया पर गंभीरता से पिछले तीन वर्ष से काम कर रही है7 फाउंडेशन की टीम द्वारा बताया गया की किस प्रकार ब्ल्हस्न टीम ग्रामीण स्तर पर कुपोषण एवं एनीमिया को कम करने के लिए निरंतरत प्रयास कर रही हैकार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी राहुल पाठक, परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा, स्वास्थ विभाग से डॉ. अभिनाश शर्मा एवं ग्राम सरपंच श्रीमती रामकली आदिवासी के हाथों से रिबन काटा गया जिसने सरस्वती पूजन, बच्चे से केक काटकर बच्चे का जन्मदिन मनाया गया साथ विषय में जाना उपस्थित महिलाओं से की ज्ञ।क्रसे किस किस प्रकार के व्यंजन बनते हैं। जाना गया और ब्रिटानिया के आयरन बिस्किट खाकर चेक किया गया। और ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया गया। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की तरफ से जितेंद्र पाटीदार, मनीष शर्मा, राहुल मौर्य, अनिल मिश्रा,पूजा चौरसिया, विकास सोनी, हर्षिता पाठक, पूरन सिंह राजपूत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि शामिल रहे।

# विशाल नेटवर्किंग के साथ जीतो रियल स्टेट एक्सपो-कोनक्लेव का समापन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बैंगलुरु** ।कुमाराकृपा रोड स्थित होटल ललित अशोक में वैष्णोदेवी ग्रुप के मुख्य प्रायोजन, आरआरबीसी ग्रुप स्वामित्व के सह प्रायोजन तथा एसएनएन राज कॉर्प के कोनक्लेव प्रायोजन में आयोजित दो दिवसीय ÷जीतो रियल स्टेट एक्सपों-कोनक्लेव का विशाल संपर्कों के निर्माण, घर खरीदने वाली की संतुष्टि तथा बिल्डरों-प्रमोटरों के उज्जवल भविष्य की आस के साथ रविवार को समापन हुआ। संपूर्ण दो दिनों में घर खरीदने के इच्छुकों का जानकारी प्राप्त करने का उत्साह, एक्सपो स्थल पर कर्नाटक भर बिल्डरों में बढ़ते प्रेम का दृश्य, आगंतुकों के जुड़ते संपर्क, जीतो चेप्टरों में जोर पकड़ता सामंजस्य, निवेश-जॉइंट वेंचर के आतुरों का जोश, रीयल स्टेट उद्योग संबंधित जानकारी और सौहार्दपूर्ण माहोल यही सबकुछ देखने को मिला जीतो रियल स्टेट एक्सपो-कोनक्लेव में।जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया एवं संयोजक प्रवीण शाह ने एक्सपो कोनक्लेव की सफलता के लिये प्रायोजकों, अतिथियों, एपेक्स-जोन-बैंगलुरु जीतो के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोगियों, जीतो परिवार, कोनक्लेव में उद्योग की महत्वपूर्ण जानकारी देने वाले वक्ताओं,आगंतुकों व एक्सपो में भागीदारी निभाने वाले सभी बिल्डरों-प्रमोटरों तथा जीतो कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए सभी का आभार जताया।जीतो रियल स्टेट एक्सपो-कोनक्लेव में आगंतुकों को न केवल कर्नाटक भर में निर्माणाधीन बिल्डरों-प्रमोटरों के विभिन्न परियोजनाओं का विवरण मिला साथ ही इस उद्योग से संबंधित महत्वपूर्ण अंतर्राष्टीय जानकारियों विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा सुनने को मिली। वक्ताओं ने रीयल स्टेट मार्केट की वर्तमान स्थिति और रुझानों के बारे में बताया। उन्होंने रीयल स्टेट व्यापार में सरकारी नियमो का कड़ाई से पालन करने का सुझाव दिया।रीयल स्टेट एक्सपो में आये कई आंगन्तुकों ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि एक ही मंच पर एक साथ बहुत से बिल्डरों का बैंगलोर के विभिन्न क्षेत्रों के अपने प्रोजेक्टों का प्रदर्शन करना खरीददारो के लिये सुगम राह बनाने जैसा है। आगंतुकों के चेहरों पर संतुष्टि के भाव देखे गये। एक्सपो में भाग लेने वाले कासा ग्रैंड के रौनी के अनुसार वास्तव के खरीददारो की संख्या ज्यादा रही। भूमि फार्म्स के गुरु राजेश ने बताया कि उनको बहुत ही अच्छा रिस्पांस मिला। गोदरेज प्रॉपर्टीज़ के दयानंद के यहा पर उनको एक बहुत अच्छा अनुभव मिला, खरीददार दक्षिण बैंगलोर की संपत्तियों को ज्यादा महत्व दे रहे थे। मैसूर से भाग लेने आये महाशय की भावना सालेचा के अनुसार यहा से मिले संपर्कों से उनके व्यापार में आगे बढ़ने के बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे, उन्होंने विशेष रूप से ऐसा मंच उपलब्ध कराने के लिये जीतो का आभार जताया।आभार जताया। जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि जीतो रियल स्टेट एक्सपो-कोनक्लेव के सफल आयोजन के लिये उपाध्यक्ष प्रवीण शाह की अगुवाई में उपाध्यक्ष राजेश मेहता व सुभाष खीवेसरा,कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी, सचिव कमल पुनमिया,प्रमोद बाफना,सिद्धार्थ पटवा, देव सामर व विमल कटारिया, समिति सदस्य अमित कोठारी, अशोक भंडारी, मिश्रीमल कटारिया, महेंद्र सोलंकी, मुकेश सुराणा, नितिन कटारिया, राजकुमार सोलंकी, सुनील सकलेचा के साथ सह संयोजक निर्मल बांटिया, पंकज जैन, प्रीतेश खाँटेड, सुनील जैन, विकास गुलेच्छा, प्रवीण चौहान, श्रेयांश गांधी इत्यादि का अथक सहयोग रहा।



# अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य का आज स्वागत

**भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित**

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**

जाति राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लाल सिंह आर्य जी शनिवार को नगर में पहुंचकर रतवा रोड स्थित सोनू खान के निवास पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने की आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए अभी से जुट जाने की बात कही उसी के साथ मौ मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह मौ नगर परिषद अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव जनपद उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह जिला मंत्री फरेंद्र सिकरवार जिला उपाध्यक्ष रामअख्त्यार गुर्जर नगर परिषद उपाध्यक्ष पंकज कुशवाहा पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मारजाद सिंह यादव महामंत्री सुल्तान महामंत्री राजू मिश्रा सतीश परिहार जिला आईटी सेल कार्यालय मंत्री डॉ बेताल गौड़ किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी दीपक यादव आकाश शक्या शुभम राठौर सूरज खटीक अनिल शक्या रसूल खान सौरव कुशवाह आदि भाजपा कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे



# गौड समाज गोहद ब्लॉक के अध्यक्ष बने राकेश गौड़



**दैनिक पुस्पांजली टुडे**

गोहद गौड समाज गोहद ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष भोगीराम गोड के मुख्य आतिथ्य में आज गौड़ समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष भोगीराम गोड ने त्यागपत्र देते हुए राकेश गौड़ को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया है । अध्यक्ष के साथ नवीन ब्लाक कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमें रामकुमार गौड़ उपाध्यक्ष हरी बाबू गोड उपाध्यक्ष कमलेश गौड़ उपाध्यक्ष सुदामा लाल गौड़ सचिव रामकिशोर गोड सह सचिव मोहर सिंह और कोषाध्यक्ष पिंकी गौड़ सह कोषाध्यक्ष पूरन लाल गौड़ संगठन मंत्री संतोष गौड़ मीडिया प्रभारी बंटी गोड सूचना एवं प्रसारण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर सभी मनोनीत सदस्यों का समाज के लोगों ने स्वागत सम्मान भी किया गया है। अध्यक्ष मनोनीत होने पर राकेश गौड़ ने कहा है ।कि समाज के दायित्वों का निर्वहन सभी के सहयोग से करूंगा ।

# सिद्ध बाबा पर हुआ दंगल का आयोजन, विधायक मेवाराम जाटव की ओर से कुश्ती का पुरस्कार 5100 रुपए दिया गया



**दैनिक पुस्पांजली टुडे**

गोहद। क्षेत्र में सिद्ध बाबा स्थान पर दंगल का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सिद्ध स्थान गंगेबा घमूरी ग्राम पंचायत छैकुरी मैं दंगल व मेले का आयोजन हुआ। दंगल को देखने स्थानीय विधायक मेवाराम जाटव भी पहुंचे थे। जहां विधायक मेवाराम जाटव ने पहलवानों से परिचय किया और अपनी ओर से एक कुश्ती का आयोजन कराया। जिसका पुरस्कार 51 सो रुपए दोनों पहलवान करू गुर्जर एवं मोनू मुरैना को विधायक जाटव की ओर से प्रदाय किया गया। विधायक मेवाराम जाटव के साथ सरपंच घमूरी सत्येंद्र राणा, सरपंच छैकुरी गुड्डू पवैया, सरपंच डांग छैकुरी राहुल गुर्जर, रामहेत जाटव सहित 2 दर्जन से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चुनावी वर्ष में उपलब्धियां बताने में सतीश, प्रघुम्न आगे; भारत सिंह, पाठक, लाखन, राजे पीछे

नये वर्ष की शुरूआत हो चुकी है आज मकर संक्रांति भी निकल गई। चुनावी वर्ष है इसीलिये नेताओं, विधायकों ने पत्रकारों को अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिये बुलाने की शुरूआत कर दी है। सबसे पहली शुरूआत महापौर डा. शोभा सिकरवार और उनके विधायक पति डा. सतीश सिकरवार ने की है। आज इसी सिलसिले में उर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर भी पत्रकारों के समक्ष बैठे, हालांकि इस माह के 15 दिन में ही दूसरी वार्ता करने बैठे।लेकिन अभी तक शहर से राज्य मंत्रीमंडल में एक और मंत्री भारत सिंह कुशवाह पत्रकारों को भुलाये बैठे है न तो वह अपनी उपलब्धियां बता पा रहे हैं और न ही पत्रकारों से मुलाकात कर रहे हैं। यही हाल दक्षिण के कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक का भी है वह भी अभी तक अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताने पत्रकारों के समक्ष नहीं बैठे हैं

# चुनाव लड़ना डॉ.गोविन्द सिंह से सीखें-पराग शर्मा

## युवा नेता अनुरुद्ध प्रताप सिंह की अगुवाई में युवक कॉंग्रेस ने किया भव्य स्वागत



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस की यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान की प्रभारी श्रीमती पराग शर्मा के लहार आगमन पर युवा कांग्रेस नेता अनुरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व सैकड़ों युवाओं ने महाराणा प्रताप चौराहा पर माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका जोशीला स्वागत किया।तत्पश्चात नगर में एक विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली गई।जिसमें सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं मोटरसाइकिलों पर सवार होकर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद कमलनाथ जिंदाबाद डॉ गोविंदसिंह जिंदाबाद अनिरुद्ध प्रताप सिंह जिंदाबाद के नारों से नगर को गुंजायमान करते चल रहे थे।इस रैली नगर में जगह जगह झंडे बैनर स्वागत द्वार बनाकर माल्यार्पण कर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।इसका समापन नगर के मंगलम गार्डन में हुआ।वहां पर मुख्य अतिथि श्रीमती पराग शर्मा ने कहा लहार में कार्यकर्ताओं की कद्र और चुनाव लडना डॉ गोविंद सिंह से सीखे।लहार क्षेत्र में डॉ गोविंदसिंह के मार्गदर्शन में युवा नेता अनिरुद्ध प्रताप सिंह एवं अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह राजावत के नेतृत्व में युवा टीम द्वारा जो स्वागत किया गया है उसे में आजीवन याद रखूंगी।उन्होने कहा कि यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान के तहत पांच ऐसे युवाओं को जोड़ना है जो हमारे मतदाता को मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर ले जाकर मतदान में सहयोग करेंगे।इस मौके पर नगरपालिका लहार के उपाध्यक्ष नरेश सिंह चौहान,ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा उर्फ राजू मौलया,युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार देश लहरा,युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह राजावत सहित जिले से पधारे वरिष्ठ युवा मंच पर मौजूद रहे यूथ कांग्रेस की इस समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए नगरपालिका उपाध्यक्ष नरेश सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में बदलाव की लहर चल रही है।भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार साबित हुई है आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने कहा लहार के अंतिम पंक्ति के युवा को जोड़ने का काम करे मेरी कोशिश



होगी

प्रत्येक युवा के सम्मान में कोई कम

**नही छोड़ेंगे।इस मौके पर** -कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजा भैया पाल ने किया।इस मौके पर दबोह पार्षद प्रतिनिधि माधव यादव,शिवप्रताप सिंह गोलू भैया,सिद्धार्थ सिंह राजावत,सिल्लू भटपुरा,कीरत भदौरिया,दद्दू सूटर,गोलू दुबे,गोलू त्रिपाठी,प्रशांत ठाकुर,भोलू ठाकुर,छोटू नेता जगनपुरा,अज्जू कौरव,मानवेन्द्र सिंह, मुख्य रूप से रहे छोटू जगनपुरा,राहुल कौरव,मानवेंद्र राजावत,शिवा भदौरिया, विजय बिजपुरा,अक्षित गुप्ता,शशांक ,दीपक बुधौलिया,भानू ठाकुर,सुनील बघेल,कीरत भदौरिया,राहुल परिहार,अनुराग चौहान,मानवेंद्र शाक्य,गोलू दुबे,पंकज दोहरे,मोंटी रायपुरिया आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रीय नीतियों से भारत को जी-20 की अध्यक्षता से राष्ट्र उन्नतिशील बना :सांसद श्रीमती राय

## जी-20 में भारत को अध्यक्षता मिलना गौरव की बात : विधायक संजीव सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रीय नीतियों से भारत को जी-20 की अध्यक्षता करने का स्वर्णिम अवसर मिला है,जो कि भारत के लिए गौरव का विषय है, इसी कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुये महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नरोलिया के निर्देशन में भिण्ड महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आभा जैन के नेतृत्व में मात्र शक्तियों ने परेड चौराहे पर जी-20 रंगोली सजाकर भारत का झण्डा को अपने हाथों में लेकर खुशी का इजहार करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी, इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती संध्याराय ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ स्वंय अपने हाथों से रंगोली बनाकर खुशियां मनाई, महिला कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती संध्याराय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रीय नीति एवं व्यक्तित्व से भारत को जी-20 की अध्यक्षता करने का मौका मिला है, जो कि यह कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के कलकत्ता में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कई देशों के प्रतिनिधि भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं, और भारत जिसकी अध्यक्षता करे, उसके लिए 130 करोड जनता वैसे ही गौरवशाली है, जिससे हमारे पडौसी देशों से हमारे अच्छे संबंध में स्थापित होंगें, जिससे भारत और विदेशी नीति से ताल्लुक होंगें। उन्होंने कहा कि कई देशों के प्रतिनिधि भाग लेकर भारत के नवनिर्माण एवं आत्म निर्भर को आगे बढाने के लिए सुझाव देंगें। और यह सम्मेलन देश में पहली बार प्रधानमंत्री मोदी




की अध्यक्षता में आयोजित हो रहा है, जो कि हमारे देश के लिए गौरव है। भाजपा विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत देश कर रहा है, इससे लिए हम भारत वासियों के लिए क्या गौरव हो सकता है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर रोज भारत देश किसी न किसी मामले में ऊंचाईयां छू रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश एक ग्लोबल बन गया है,और पीएम मोदी की अध्यक्षता में भारत के लिए एक बडा अवसर है, भारत स्वंय को और मजबूती होने जा रहा है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आभा जैन के साथ महिला कार्यकर्ताओं ने परेड चौराहे पर रंगोली सजागर भारत जिंदाबाद के नारे लगाकर खुशी का इजहार किया और राष्ट्रीय ध्वज को फहराया, जिसमें नारा दिया गया है जिसमें सारे जहां से हिन्दुस्तान हमारा, तिरंगा ऊंचा रहे हमारा,जी-20 भारत की शान है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्रीमती कृष्णकांता तोमर, जिलाउपाध्यक्ष गीता राजावत, जिला महामंत्रियों में आरती पाठक, संगीता कौंशल,एनजीओ प्रकोष्ठ की सहजिला संयोजक अनीता चौपडा, श्रीमती विनीता सोनी कमलेश जुनैजा, लहार मण्डल अध्यक्ष श्रीमती नीलम शर्मा,बेबी राठौर,हेमु राहुल जैन पार्षद,स्नेहलता जैन,मण्डल अध्यक्ष रामबती श्रीवास,सीमा देवी जाटव,जिलामंत्री उपेन्द्र राजौरिया, किरण जैन,पारूल जैन,अरूणा जैन,भाजपा मण्डल अध्यक्षों में प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू,अमित जैन,बांके बिहारी शर्मा, प्रशांत सोनी, भूपेन्द्र औझा,शैलेन्द्र सिंह भदौरिया आदि लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

# प्रदेश में अब तो पुलिस भी सुरक्षित नहीं : डॉ गोविंद सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने गृह मंत्री से नैतिकता के आधार पर मांगा इस्तीफा

भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने कहा कि प्रदेश के गृह मंत्री जी अपना विभाग संभाल नहीं पा रहे,पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है, आम जनता असुरक्षित तो है ही, अब आम जनता के रक्षक (पुलिस) भी सुरक्षित नहीं है। भाजपा नेता आये दिन सरकारी अधिकारी/कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे है एवं हमला भी कर रहे है। इतना ही नहीं विगत दिनों सागर जिले के गौरझामर थाने के ए.एस.आई श्री रामलाल जो कि बस स्टेण्ड पर ड्यूटी कर रहे थे, भाजपा नेता राजकुमार सिंह बरकोटी व उनके साथियों ने अपहरण कर अपने फार्म हाउस ले गये,वहा उनके साथ मारपीट की गई व जाति सूचक



शब्दों से अपमानित किया । इसके पूर्व में सागर के मकरोनिया में भाजपा नेता ने जगदीश यादव की गाड़ी से रौंदकर हत्या कर दी थी, जबकि सागर जिले से तीन मंत्री आते हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार गृह मंत्री जी को नैतिक के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

# स्वच्छता में दिया योगदान,नप ने किया प्रशंसा पत्र देकर सम्मान

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को लेकर नगर परिसद दबोह में नई पहल की शुरूबात की गई है।यह पहल रंग भी ला रही है।इसके तहत दबोह नगर परिसद में सहयोग करने बाले और प्रेरणा बनने बाले कारोबारियों रहबाशियों को सम्मान पत्र प्रदान किए जा रहे हे साथ ही ब्रांड एबेस्डर की नियुक्तियां भी की गई और उन्हें प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम के उपरांत ब्रांड एम्बेसडरो का सम्मान किया गया।इस मौके पर शिवनारायण दुवे ने कहा की नगर परिषद को पहले नगर



में डस्टबिन बितरित कर पहले जागरूक करना होगा।जो सवच्छता टीम प्रत्येक बार्ड में शिविर लगाकर जानकारी पहुंचाएगी।शनिवार को नगर परिषद कार्यालय में नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ मेरा शहर नंबर 01 कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे अध्यक्ष बिमला नरेंद्र दूधारिया के आदेश पर मुख्य नगर परिसद अधिकारी सफाई सर्वेक्षण प्रभारी एन.आर.खेगर बिधायक प्रतिनिधि शिवनारायण दुवे निकाय में स्वच्छ बार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें निकाय के कर्मचारी पार्षद बंधु व नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सपा कार्यकर्ताओं ने शरद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष नीरज यादव व समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धेय शरद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला अध्यक्ष नीरज यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शरद जी ने सामाजिक न्याय की बुनियाद रखी उन्होंने हमेशा शोषित वंचित पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ने का कार्य किया उनका संपूर्ण जीवन पिछड़ों शोषित वंचित के हकों और अधिकारों के लिए समर्पित रहा वे मध्य प्रदेश में जन्मे उनकी प्रारंभिक पढ़ाई होशंगाबाद में उनके गांव में व उसके बाद बीएससी जबलपुर से की और वह जेल में रहते हुए महज 27 वर्ष की आयु में देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद के सदस्य निर्वाचित हुए उन्होंने मध्यप्रदेश के रास्ते उत्तर प्रदेश के बदायूं एवं बिहार के मधेपुरा व राज्यसभा मैं रहे श्रधेय शरद जी की श्रद्धांजलि सभा में जिला



महासचिव अशोक दंडोतिया ने संचालन किया वरिष्ठ समाजवादी नेता देशराज सिंह यादव,गजेंद्र सिंह भदोरिया,जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव ,जिला उपाध्यक्ष राधामोहन सिंह यादव, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सूरज सिंह बघेल, महिला नेत्री सगुना देवी,आशीष यादव, राधा मोहन शर्मा, रजनीश नारायण तिवारी,हरेन्द्र सिंह कुशवाह,सत्येंद्र यादव पत्रकार, वरिष्ठ अभिभाषक चकरनगर मुकेश यादव आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन सर्वसमाज के लिये पुनीत कार्य : सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत् 32 जोड़ों का हुआ विवाह एवं निकाह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सहकारिता मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ने दिया आशीर्वाद**

अटेर (भिण्ड)।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ







अरविन्द सिंह भदौरिया के मुख्य आतिथ्य में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अन्तर्गत मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह के सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बौरेश्वर धाम ग्राम दुल्हागन में किया गया। इस सामूहिक विवाह के अवसर पर मंत्रोच्चारण के साथ उपस्थित वर एवं वधू ने स्टेज पर एक दूसरे को वरमाला पहनाई।इस दौरान सांसद श्रीमती संध्या राय, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान,सीईओ जिला पंचायत जेके जैन,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, कॉपरेटिव बैंक पूर्व चेयरमैन केपी सिंह,एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार,प्रभारी उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण तथा कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार सहित अन्य अधिकारी, 32 वर-वधु एवं उनके परिजन उपस्थित थे।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना उन गरीब व्यक्तियों के लिये लाभकारी सिद्ध हो रही है, जो लोग अपनी बेटी की शादी गरीबी के कारण नहीं कर पाते हैं। शादी में समय पर अच्छा सामान भी नहीं दे पाते थे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह से बड़ा कोई दान नहीं है। सामूहिक विवाह सम्मेलन सर्वसमाज के लिये पुनीत कार्य है। इस पुनीत कार्य में सरकार के साथ-साथ समाज की भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब किसी भी परिवार में बेटी बड़ी होने लगती है तो माता-पिता को उसके विवाह के साथ-साथ दान-दहेज की चिन्ता सताने लगती है। इसलिए आज प्रत्येक समाज के लोग सामूहिक विवाह की ओर जुड़ रहे हैं और बहुत सारी ऐसी संस्थाऐं हैं जो इस प्रकार के आयोजन में अग्रणी भूमिका अदा कर रही हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की एक अग्रणी पहल है। इससे गरीब वर्ग के लोग जो कन्या के विवाह हेतु चिन्तित रहते हैं उनकी परेशानी हल हो जाती है।सामूहिक विवाह सम्मेलन सभी समाजों की आवश्यकता बनते जा रहे हैं। सम्पन्न समाज भी अब सामूहिक विवाह सम्मेलन में अपने बच्चों का विवाह कर रहे हैं। विवाह सम्मेलन आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विवाह सम्मेलन में जहां शादी करने वालों को आर्थिक लाभ होता है वहीं सामाजिक समरसता भी आती है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों को अपने बच्चों का विवाह सामुहिक विवाह सम्मेलन में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भिण्ड जिले के विकास खण्ड अटेर की 32 लड़कियों की मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में आज शादी की जा रही है। प्रदेश सरकार की पहल पर प्रत्येक जोड़े को 55 हजार रूपये देने का प्रावधान है। जिसमें 38 हजार रूपये का सामान, 11 हजार रूपये नगदी चेक एवं 6 हजार रूपये आयोजन कर्ता समिति को खर्च करने हेतु दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जोड़े को रेडियो, 6 फाइवर कुर्सी का सेट टेबल के साथ,टेबल फेन, दीवाल घड़ी,डाइनिंग टेबल 6 कुर्सी सहित, 51 स्टील के बर्तन, कलर टी.व्ही 32 इंच, स्टील की अलमारी, लोहे का निवार का पलंग,रजाई गद्दा,तकिया 2 चादर, चांदी आभूषण,प्रेशर कुकर, पायल बिछिया,माथा टीका,मंगलसूत्र (70 टंच) वधू के वस्त्र साडी, ब्लाउज, पेटीकोट, एवं चूड़ियां श्रृंगार की सामग्री के अलावा वर-वधु को 11 हजार रूपये चैक के रूप में प्रदान किये गये। सांसद श्रीमती संध्या राय ने विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी यह संकल्प लें कि बुरी आदतों को नहीं अपनायें और भारतीय संस्कृति और परंपरा को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत् प्रशासन द्वारा बौरेश्वर धाम ग्राम दुल्हागन में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 32 जोड़ों का विवाह/निकाह कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीब कन्याओं के विवाह के लिये यह योजना चलाई जा रही है। जिससे गरीब परिवारों पर कन्या के विवाह का बोझ न रहे। उन्होंने कहा कि सभी वर-वधु अपने जीवन को सुखमय बनाएँ। प्रदेश सरकार ने उनके विवाह में सहयोग किया है,शादी के बाद वे अपने जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करें।

# मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को हड़ारीबाग साईं परिवार के द्वारा किया गया

## दही-चूड़ा-तिलकुट-हलवा-पूड़ी-खिचड़ी का बाबा को भोग लगाकर हजारों भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण,हलवा खिचड़ी के साथ- साथ बाबा को चूड़ा-तिलकुट का भोग लगाकर किया गया भण्डारा कार्यक्रम,महिलाएं आगे बड़-चड़ कर इस वर्ष बाबा के भण्डारा के कार्यक्रम में किया प्रसाद वितरण

**स्टेट हेड झारखंड-आनंद शाही**

**हड़ारीबाग।** हड़ारीबाग साई परिवार निबंधन संख्या 8188 के द्वारा साईं मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर साईं भण्डारा का कार्यक्रम कराया गया। साईं परिवार हड़ारीबाग के तत्वावधान में रविवार को अहले सुबह 5 बजे काकड़ आरती और बाबा के भव्य अभिषेक के साथ कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इंद्रपुरी स्तिथ छठ तालाब के बगल में स्तिथ साईं मंदिर के परिसर में मकर संक्रांति के शुभावसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी 15 जनवरी को विशाल भंडारा का आयोजन हड़ारीबाग साईं परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा बड़े ही धूम धाम से किया गया। साईं बाबा के सुबह के आरती के बाद में साईं मंदिर के परिसर में ही विशाल भण्डारा का कार्यक्रम कराया गया। यह आयोजन साईं परिवार हड़ारीबाग क्रमांक संख्या 8188 के सदस्यों के द्वारा किया जा रहा है। भण्डारा





कार्यक्रम में हलवा और खिचड़ी के साथ बाबा को दही , चूड़ा, तिलकुट का भोग लगाकर हड़ारों भक्तों के बीच में वितरित किया गया। रविवार की सुबह में ही साईनाथ को पंचामृत, दूध, दही, घी, मक्खन और गंगा जल से पवित्र स्नान करा कर बाबा का अभिषेक और श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालुओं के बीच में साईं परिवार हड़ारीबाग के कार्यकर्ताओं के द्वारा हलवा, खिचड़ी, चूड़ा, तिलकुट का लंगर लगाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने साईं बाबा के पूजा अर्चना के बाद भोग प्रसाद का ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सभी हड़ारीबाग साईं परिवार निबंधन संख्या 8188 का सहयोग प्रार्थनीय है । जिसमें की मुख्य रूप से सुनील अग्रवाल,प्रदीप मालाकार, मनीष चौरसिया, संजय कुमार, मनोज सिन्हा, संजय कश्यप, सुनील कुमार गुप्ता,कृष्णा पाण्डेय, बल्ली गुप्ता, सुशील जायसवाल, बबलू शर्मा, सरोज कुमार सिंह ,राकेश कुमार, डॉ अमरेंद्र कुमार, संजय कुमार, संजीव कुमार, अर्जुन कुमार, संजीव सिंह , छोटा सुनिल, सिमा कुमारी के साथ आनंद सिन्हा सहित समस्त लोग इस कार्यक्रम को सड़ल बनाने में सहयोग करेंगे।

# परीक्षा पर कार्यक्रम के तहत बच्चों के अंदर भरा भय निकालने हेतु 27 जनवरी से किये जायेगें कार्यक्रम : सांसद संध्या राय

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखी गई पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स में 28 मंत्र और पालकों के लिए 6 सुझाव काफी महत्वपूर्ण है, जिसकी पुस्तक विद्यार्थियों को निशुल्क दी जायेगीभिण्ड । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिण्ड - दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से रूबरू होते हुये कहा कि देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए वर्ष 2016 से छात्रों से निरंतर मन की बात कार्यक्रम के तहत निरंतर संबाद करते आ रहे हैं, इसी कडी में 27 जनवरी प्रातः 11 बजे आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के छठवें संस्करण में प्रधानमंत्री बडी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों एवं शिक्षकों से संबाद एवं चर्चा करेगें। परीक्षा पे चर्चा बहुत ही लोकप्रिय एवं उपयोगी कार्यक्रम हैं, जिससे तनाव एवं भय को दूर करने के लिए उपायों एवं स्वंय के अनुभव को साझा करने से छात्रों को ऊर्जा मिलती है। पत्रकारावार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, कार्यक्रम संयोजक भाजयुमो जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया, दिलीप सिंह कुशवाह, जिलामंत्री उपेन्द्र राजौरिया, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनीष शर्मा,अजय शर्मा मौजूद थे। भाजपा सांसद श्रीमती संध्याराय ने कहा कि परीक्षा पे कार्यक्रम गैर राजनीतिक है, जिसमें सभी स्वंयसेवी संस्थायें एवं समाजसेवी जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर परीक्षा पे कार्यक्रम में शाामिल होकर छात्रों के अंदर भरे तनाव एवं भय को दूर करने का प्रयास करेंगें। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि परीक्षा के दौरान छात्र दहशत के माहौल से दूर रहे हैं, दोस्तों की नकल करने की जरूरत नहीं हैं, बस जो भी कुछ आप आत्म विश्वास के साथ लिख्तो हैं उसे करते रहे हैं और मुझे पूर्ण



विश्वास नहीं गारंटी के साथ कही रही हूँ कि आप लोग निर्श्चित तौर पर उस परीक्षा में सफल होगें। प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखी गई पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स जिसमें विद्यार्थियों के लिए 28 मंत्र एवं अभिभावकों के लिए छह सुझाव काफी लोकप्रिय हैं, अधिक से अधिक छात्रों के पास यह पुस्तक पहुचाने का प्रयास किया जायेगा,जिसके लिए इस पुस्तक को मैंने ऑनलाईन डिमाण्ड रख दी है, जो एक-दो दिन में काफी संख्या में मिल जायेंगी और छात्रों के बीच वितरित कर दी जायेंगी। पत्रकारों ने जब परीक्षा के कार्यक्रम के अलावा रोजगार पे कार्यक्रम कब आयोजित होंगें तो उन्होंने कहा कि बिल्कुल सही प्रश्न किया, रोजगार के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों के द्वारा प्रतिमाह रोजगार मिले जिला स्तर के अलावा ब्लॉक स्तरों पर आयोजित किये जा रहें हैं, आत्म निर्भर होते हुये भी बैंकों से कई लोगों को लोन दिया गया है, जो स्वंय रोजगारवान बनें हैं, कई प्रकार की योजनाऐं रोजगार को बढावा देने के लिए संचालित किये जा रहे हैं।

**आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता 20 जनवरी को जिला मुख्यालय पर**-सांसद संध्याराय ने पत्रकारों से कहा कि 20 जनवरी से पहले जिला स्तर पर आर्ट एवं पेंटिग की प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की जायेंगी जिसमें सभी जन प्रतिनिधि शामिल होंगें। कला, खेल, शिक्षण, सामाजिक क्षेत्र के अतिविशिष्ठ व्यक्तियों को विशेष अतिथि के रूप् में शामिल किया जायेगा, कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के कक्षा नोंवी से 12 वीं तक के छात्रों की उपस्थिति 500 से अधिक संख्या में रहें, इसको भी सुनिश्चित किया जायेगा, एग्जाम वॉरियर्स पुस्तक में विभिन्न प्रकार के आर्टस एवं पेंटिग दर्शाये गये हैं, प्रतियोगिता में अलग-अलग प्रकार के रचनात्मक तरीके से आर्ट एवं पेटिंग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। पांच से सात सदस्यों की ज्वरी अर्थात चयन समिति का गठन किया जायेगा, जिसमें अध्यापक एवं बुद्धजीवी वर्ग शामिल होगा।

## सम्पादकीय

# कुछ देर से 5जी

अलग-अलग चरणों में सफल प्रयोगों के बाद भारत में पांचवीं पीढ़ी की वायरलेस दूरसंचार सेवा की शुरुआत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इस सेवा की विधिवत शुरुआत कर दी है और अपना देश संचार के नए युग में प्रवेश कर गया है। मोटे तौर पर इंटरनेट सेवा की रफ्तार कम से कम दोगुनी हो जाएगी। भारती एयरटेल ने बाजी मारते हुए दिल्ली, मुंबई, वाराणसी और बेंगलुरु सहित आठ शहरों में 5जी सेवाएं शुरू की है। प्रतिद्वंद्वी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अगस्त में ही कह दिया था कि वह दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों में दिवाली तक और अगले साल दिसंबर तक पूरे भारत में अपनी 5जी सेवाओं को शुरू करने के लिए 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। जाहिर है, 5जी सेवाओं का भारत में अगले साल ठीक-ठाक प्रसार हो जाएगा। अगले साल बाकी दूरसंचार कंपनियों को भी 5जी सेवा के साथ मैदान में उतरना होगा। आज डाटा और तेज नेटवर्क की जरूरत तेजी से बढ़ रही है, लोग नहीं चाहते कि नेटवर्क में किसी तरह की बाधा रहे या किसी फोटो या वीडियो को देखने के लिए सेकंड भर भी इंतजार करना पड़े। वैसे, हमें ध्यान रखना चाहिए कि 5जी सेवा के मामले में भारत कुछ पिछड़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 तक लगभग 70 देशों में 5जी नेटवर्क शुरू हो गया था। साल 2020 के मध्य तक 38 देशों में 5जी की पहुंच हो गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि कोरोना महामारी की वजह से भी विलंब हुआ है। दुनिया में 5जी की शुरुआत को चार साल भी नहीं हुए हैं, लेकिन इस साल के अंत तक 5जी सेवा की पहुंच एक अरब से ज्यादा लोगों तक हो जाएगी। एक अरब 4जी यूजर्स तक पहुंचने में चार साल लग गए थे और एक अरब 3जी यूजर्स तक पहुंचने में 12 साल लगे थे। मतलब अब दुनिया में नई तकनीक का प्रसार काफी तेजी से होने लगा है। अमेरिका और यूरोप 5जी सेवा में सबसे आगे हैं। हालांकि, दक्षिण कोरिया वह देश है, जिसने सबसे पहले 5जी नेटवर्क को तैनात किया था। उम्मीद है, 2025 तक, दक्षिण कोरिया में लगभग 60 प्रतिशत मोबाइल धारक 5जी सेवा ले रहे होंगे। भारत में देरी हुई है, उसके लिए पूर्व में हुआ भ्रष्टाचार, नौकरशाही की उदासीनता और अनावश्यक मंजूरी प्रक्रियाएं जिम्मेदार हैं। अभी भी इस दिशा में बहुत कुछ करने की जरूरत है। जब तमाम सेवाओं का ऑनलाइन होना अनिवार्य हो गया है, तब तेज नेटवर्क की अनिवार्यता निर्विवाद है। डाटा को तेजी से साझा करना, परस्पर जोड़ना और सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी 5जी की सहायक भूमिका होगी। 5जी सेवाओं से स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा से लेकर कृषि और आपदा निगरानी तक सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आना तय है। हम सब जानते हैं कि वर्क फ्रॉम होम को तेज इंटरनेट ने ही साकार किया है, वरना किसने सोचा था कि घर बैठकर भी दफ्तर के सारे काम हो सकते हैंड़ 4जी सेवा का कमाल हम देख चुके हैं और अब 5जी की बारी है। चलते-फिरते कहीं से भी काम आसान हो जाए, कोई ऐसी जगह शेष न रहे, जहां नेटवर्क की पहुंच न हो। अभी भी कई स्थान शहरों में ऐसे हैं, जहां कमजोर नेटवर्क की शिकायत है। कहीं कॉल में भी परेशानी होती है, तो कहीं डाटा नेटवर्क बाधित हो जाता है। 4जी के समय में 2जी की गति वाले इलाके भी हैं और दूरसंचार क्षेत्र में सेवा भी विगत महीनों में महंगी हुई है। मतलब, जरूरी है कि कोई सेवा केवल कागज पर न रहे, जमीन पर भी उतरे।

## राशिफल



मेष-धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। मन धार्मिक बना रहेगा। स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार है। प्रेम और संतान की स्थिति थोड़ी बेहतर कही जाएगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से थोड़ा मध्यम समय है। हरी वस्तु का दान करें।

वृषभ-परिस्थितियां प्रतिकूल बनी हुई हैं। चोट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम, संतान की स्थिति सुधर चुकी है। व्यापार भी पहले से सही दिख रहा है। पीली वस्तु का दान करें।

मिथुन-स्वास्थ्य पहले से सुधर चुका है। प्रेम, संतान की स्थिति अभी भी मध्यम है। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ समय है। जीवनसाथी का पूरा-पूरा सानिध्य मिलेगा। जीवन में तरक्की करते दिख रहे हैं। भगवान विष्णु की अराधना करते रहें।

कर्क-कुछ गहरा मंथन करते दिख रहे हैं। गूढ़ ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य नरम, गरम बना रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति काफी अच्छी है। व्यापार भी आपका सही दिख रहा है। लाल वस्तु पास रखें।

सिंह-भावुक मन किसी से झगड़ा कर सकता है। वो कोई और नहीं होगा अपना होगा। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं का संकेत है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय है। स्वास्थ्य ठीक-ठाक है। प्रेम और संतान थोड़ा मध्यम है। व्यापार अच्छा दिख रहा है। पीली वस्तु पास रखें।

कन्या-भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। रक्तचाप थोड़ा अनियमित हो सकता है। हालांकि स्वास्थ्य में सुधार शुरू हो चुका है। प्रेम, संतान मध्यम है। व्यापार भी रुक-रुक कर चलता रहेगा। पीली वस्तु का दान करें।

तुला-पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम, संतान की स्थिति भी थोड़ी नरम है। व्यापार आपका सही चलता रहेगा। आर्थिक स्थिति सुधार की ओर जा रही है। पीली वस्तु का दान करें।

वृश्चिक-वाणी के कारण अपनों में विवाद की आशंका है। निवेश के कारण धनहानि भी हो सकती है। हालांकि धन का आवक बढ़ेगा। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान भी मध्यम से उत्तम की ओर है। व्यापार सही चलता रहेगा। पीली वस्तु पास रखें।

धनु-सितारों की तरह चमकते रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। समाज में सराहे जाएंगे आप। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार भी बहुत अच्छा है। पीली वस्तु पास रखें।

मकर-मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। अज्ञात भय भी सताएगा। स्वास्थ्य नरम-गरम है। प्रेम-संतान भी मध्यम है। व्यापार थोड़ा मध्यम है। मध्यम समय का सामना करना पड़ेगा। मां काली की अराधना करते रहें।

कुंभ-आर्थिक मामले सुलझेंगे। यदि कहीं से रुपए-पैसे मांगने हों, निकालने हों, फंसे हुए हों। प्रयास करें निकल जाएंगे। यात्रा में लाभ संभव है। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम बनी रहेगी। गणेश जी की अराधना करें। हरी वस्तु पास रखें।

मीन-कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य सुधार की ओर है। प्रेम-संतान पहले से बेहतर है। व्यापार भी अच्छा दिख रहा है। पीली वस्तु पास रखें।

# क्या त्योहारी मौसम में सुधरेगा बाजार

बाजार में माल कम हो और मांग ज्यादा, तो कीमतें बढ़ती हैं। मांग कम हो, तो बाजार में माल सप्लाई करने वालों का कारोबार मुश्किल में आ जाता है। कम माल बनाने पर बहुत से कारखानों के लिए लागत निकालना टेढ़ी खीर हो जाती है। इसका नतीजा यह होता है कि वे माल बनाना बंद कर देते हैं या फिर कम कर देते हैं। हालात ज्यादा बिगड़े, तो यही पूरे देश में मंदी का कारण बन जाता है। मुसीबत और बड़ी हो जाती है, जब महंगाई और मंदी का खतरा एक साथ खड़ा हो जाए। इसी को 'स्टैगफ्लेशन' कहा जाता है। 'स्टैगनेशन' यानी ठहराव और 'इंफ्लेशन' यानी महंगाई की जुगलबंदी। आज इस पर बात करने की वजह यह है कि पिछले कई महीनों से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इसी जुगलबंदी की आशंकाएं पैदा होती दिख रही हैं। यह आशंका भी बढ़ती जा रही है कि दुनिया गंभीर आर्थिक मंदी की चपेट में आ रही है। बताया जाता है कि इस आशंका की बड़ी वजह कोरोना के बाद दुनिया भर में लगे लॉकडाउन और उसके कारण कारोबार के नट-बोल्ट का ढीले हो जाना है। यूक्रेन पर रूस का हमला इस बीमारी को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। हालांकि, विद्वान बीमारी की जड़ कहीं और मानते हैं।




वर्ष 2008 में सितंबर का महीना था, जब दुनिया के सबसे बड़े इन्वेस्टमेंट बैंकों में से एक लेहमन ब्रदर्स ने दिवालिया होने का एलान किया और पूरी दुनिया की वित्तीय व्यवस्था को एक तगड़ा झटका दिया। इसके बाद के घटनाक्रम को ही 2008 के वित्तीय संकट के रूप में जाना जाता है। इस एलान के पहले और बाद के करीब दो साल के दौरान अमेरिकी शेयर बाजार में सात लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। बेरोजगारी दर में खतरनाक उछाल आई और वह 10 प्रतिशत पर पहुंच गई। सिर्फ अमेरिका में घरों की कीमत और लोगों के पेंशन-खातों में जमा रकम में आई गिरावट का आंकड़ा करीब 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया था। इसी का असर था कि दुनिया भर के ज्यादातर शेयर बाजार गश खाकर गिरते जा रहे थे। हालांकि, बाद में बाजार सुधर गए और मकानों की कीमतें भी बढ़ने लगीं, लेकिन जिन लोगों की जिंदगी पटरी से उतर चुकी थी, उनकी मुसीबतें आज तक खत्म नहीं हुई हैं। चर्चित रेटिंग एजेंसी मूडीज ने हिसाब जोड़ा कि दुनिया की जीडीपी को लगभग चार प्रतिशत का झटका इस आर्थिक संकट की वजह से लगा, यानी लगभग दो लाख करोड़ डॉलर की चपत। भारत इस संकट से करीब-करीब अछूता रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह यह बताई जाती है कि तमाम लालच और दबाव के बावजूद रिजर्व बैंक के तत्कालीन गवर्नर वाई वी रेड्डी ने भारतीय बैंकों को एक हद से ज्यादा जोखिम उठाने का मौका ही नहीं दिया। आज की तारीख में भी सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और चीन जैसे देश मंदी की चपेट में जाते हुए दिख रहे हैं, तो भारत कैसे और कब तक इस खतरे से बचा रह सकता है। सवाल इसलिए उठ रहा है, क्योंकि साल 2008 के मुकाबले आज भारत की अर्थव्यवस्था और बाजार दुनिया के दूसरे बाजार से काफी ज्यादा जुड़े हुए हैं। रिजर्व बैंक अमेरिका और यूरोप के केंद्रीय बैंकों के साथ कदमताल करते हुए ब्याज दरें लगातार बढ़ा रहा है। दुनिया भर के बड़े शेयर बाजारों के साथ ही पिछले एक हफ्ते में भारत का शेयर बाजार लगभग 10 प्रतिशत गिर चुका है और डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट लगातार जारी है। महंगाई के मोर्चे पर दावा जो भी किया जाए, मगर सच यही है कि लंबे समय से खुदरा महंगाई की दर रिजर्व बैंक की तय सीमा से ऊपर चल रही है। ऐसे में, चिंता स्वाभाविक है। खासकर यह देखते हुए कि एक के बाद एक आर्थिक विशेषज्ञ और संस्थाएं अमेरिका में गहरी और लंबी मंदी की भविष्यवाणी कर रहे हैं। ब्रिटेन की नई सरकार ने करों में कटौती और बाजार से बॉन्ड खरीदने के जो एलान किए हैं, उनसे वहां हालात सुधरेंगे या और बिगड़ेंगे, यह सवाल बना हुआ है। चीन एक बड़े आर्थिक संकट के मुहाने पर है, जिसमें अब कोई शक नहीं है। हालांकि, तमाम ब्रोकरेज और रेटिंग एजेंसी यह कह चुकी हैं कि भारत के लिए खतरा उतना बड़ा व गंभीर नहीं है, बल्कि इसमें उसके लिए एक बड़ा मौका भी हो सकता है। उनका कहना है कि विकसित देशों से परे विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में पैसा लगाने के लिए इस वक्त भारत से बेहतर कोई जगह नहीं दिखती। फिर भी, पिछले कुछ दिनों में जिस तेजी से हालात बिगड़ रहे हैं, उनमें भारत की अर्थव्यवस्था पर मंडराते खतरे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिजर्व बैंक ने अगले साल जीडीपी में वृद्धि का अनुमान घटा दिया है। महंगाई के मोर्चे पर भी उसे कोई राहत मिलने के आसार सिर्फ तब दिखते हैं, जब कच्चे तेल के दामों में गिरावट जारी रहे। उधर दिग्गज ब्रोकरेज सीएलएसए ने एक ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि भारत और दुनिया के बाजार में संबंध विच्छेद या 'डी-कपलिंग' तो दिख रही है, पर हालात नाजुक हैं। उसने तो आशंका जताई है कि भारत के शेयर बाजार में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

> **आज इस पर बात करने की वजह यह है कि पिछले कई महीनों से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इसी जुगलबंदी की आशंकाएं पैदा होती दिख रही हैं। यह आशंका भी बढ़ती जा रही है कि दुनिया गंभीर आर्थिक मंदी की चपेट में आ रही है। बताया जाता है कि इस आशंका की बड़ी वजह कोरोना के बाद दुनिया भर में लगे लॉकडाउन और उसके कारण कारोबार के नट-बोल्ट का ढीले हो जाना है। यूक्रेन पर रूस का हमला इस बीमारी को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। हालांकि, विद्वान बीमारी की जड़ कहीं और मानते हैं।**

# तालिबान ने हमें फिर से शरणार्थी बना दिया

कहीं पड़ा था- तानाशाह सबसे ज्यादा स्कूलों और किताबों से डरते हैं, क्योंकि पढ़े-लिखे लोग सवाल उठाना सीख जाते हैं। इसकी ताजा मिसाल अफगानिस्तान है, जहां के तालिबानी निजाम के खिलाफ वहां की तालीमयाफ्ता औरतों ने मोर्चा खोल रखा है और दुनिया के अलग-अलग खित्तों से अपने हक-हुकूक के लिए उस पर दबाव बनाए हुए हैं। इन्हीं औरतों में से एक हैं वहीदा अमीरी। उत्तरी अफगानिस्तान में एक सूबा है पंजशीर घाटी। वहीदा मूलतः इसी घाटी से आती हैं। वहीदा ने जब होश संभाला, तालिबान अपने उरुज पर थे। तत्कालीन सोवियत सेनाएं काबुल से विदा हो चुकी थीं और कट्टरपंथी तालिबान का शिकंजा उसके गोशे-गोशे पर कसता जा रहा था। खासकर लड़कियों और औरतों के लिए मुश्किलें बढ़ चुकी थीं। वह साल 1996 था। वहीदा ने तब स्कूल जाना शुरू ही किया था। एक दिन नए निजाम का फरमान आ गया- लड़कियों के तमाम स्कूल बंद किए जाते हैं। वहीदा तब यह समझ ही नहीं पाईं कि आखिर लड़कियों को क्यों नहीं स्कूल जाना चाहिएड़ तालिबानी लड़ाकों की बढ़ती ज्यादतियों को देखते हुए वहीदा का पूरा कुनबा काबुल से भागकर पंजशीर घाटी के पुश्तैनी घर में चला गया, मगर उनके वालिद ने काबुल में ही रहने का फैसला किया। वे बेहद कठिन दिन थे। ऐसा महसूस होता, जैसे वक्त ने अफगानी लड़कियों की जिंदगी से बचपन के सारे हर्फ मिटा दिए हैं। तालिबान ने जो आजादी उन सबसे छीनी थी, उसके गम को अम्मी के अचानक इंतकाल ने वहीदा के लिए और बोझिल बना दिया। माएं बेटियों के सारे गम जो बांट लिया करती हैं।

इसके बाद के साल तो किसी अजाब से कम न थे। पिता ने दूसरी शादी कर ली थी और वहीदा का परिवार मुल्क छोड़ किसी तरह पाकिस्तान भाग आया था। अब तो घर के सारे कामकाज वहीदा के कंधों पर आ गए थे। खाना पकाने, कपड़े धोने से लेकर घर की साफ-सफाई में उनकी सुबह-शाम गर्क होने लगी थी। वहीदा किसी से क्या शिकायत करतीं, शरणार्थी अफगान बच्चियों की जिंदगी इससे जुदा न थी। उन्होंने सब्र कर लिया था कि जीवन आगे भी यही सब करते बीतना है। एक दिन वहीदा ने टेलीविजन पर दो गगनचुंबी इमारतों से विमानों के टकराने और उनके जमींदोज



होने का मंजर देखा। 11 सितंबर को न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए उस हमले से पूरी दुनिया सिहर उठी थी। जो हो गया था, और जो अब होने वाला था, उसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। तब वहीदा को भी कहां इलहाम था कि इस एक वाकये से आम अफगानियों की जिंदगी में क्या कुछ बदलने जा रहा हैड़ अमेरिकी हमलों में तालिबान के पस्त होने के बाद भी वहीदा का परिवार वतन वापसी से पहले पूरी तरह मुत्मइन हुआ कि कहीं फिर से शरणार्थी बनने की नौबत तो नहीं आएगी। वहीदा जब काबुल लौटीं, तब उनकी उम्र 15 साल हो चली थी। काबुल की फिजाओं में बदलाव की खुनक साफ-साफ महसूस की जा सकती थी। बच्चियों के कंधों पर बस्ते लौट आए थे, औरतें नौकरी पर जा सकती थीं। लेकिन वहीदा के लिए बहुत कुछ नहीं बदला था, क्योंकि उनके परिवार को लगता कि किताबी इल्म से ज्यादा घरदारी में सुघड़ होना अब उनके लिए ज्यादा जरूरी है। करीब पांच साल बाद, यानी उम्र के 20वें पड़ाव पर रिश्ते के एक भाई ने पढ़ाई के प्रति वहीदा की ललक देख उनका दाखिला स्कूल में करा दिया। यह सफर आसान न था। एक तरफ, घर की जिम्मेदारियां थीं और दूसरी ओर, इम्तिहानों का भारी दबाव। वह फेल हो-होकर पढ़ती, पास होती गईं और फिर उनकी जिंदगी में एक चमत्कारिक मोड़ आया, जब कानून में ग्रेजुएशन की पढ़ाई के लिए यूनिवर्सिटी ने उनकी दरख्वास्त कबूल कर ली। कहां एक सीधी-सादी घरेलू लड़की और कहां बेबाकी व बहादुरी भरे पेशेवर विषय का चुनाव! मगर अ रूम ऑफ वन्स ओन के जरिये वर्जीनिया वूल्फ से मुलाकात ने वहीदा के भीतर एक मजबूत औरत को तराश दिया। इसके बाद तो उन्हें जैसे पढ़ने की लत लग गई। किताबों की दुनिया ने उन्हें साहसी बना दिया। साहस के इस मंत्र को दूसरी अफगानी औरतों में बांटने के इरादे से कानून में स्नातक वहीदा ने काबुल के मध्यवर्ती इलाके में एक पुस्तकालय शुरू किया था, जहां बड़ी संख्या में लोग आने लगे थे। करीब पांच हजार किताबों वाले इस पुस्तकालय में लड़कियों की आमद से उन्हें बहुत सुकून मिलता था। लेकिन पिछले वर्ष अगस्त में तालिबान फिर सत्ता में आ गए। 'दोहा करार' में किए गए वादे के उलट वे औरतों को नौकरी करने देने से मुकर गए और बच्चियों के स्कूल बंद करने का भी फरमान जारी कर दिया। वहीदा और हमख्याल औरतों को यह मंजूर न था। उन्होंने सड़क पर उतरकर इसका शांतिपूर्ण विरोध किया। संगीनधारी तालिबानी लड़ाकों की आंखों में आंखें डाल वहीदा ने कहा- 'हम औरतें भी इंसान हैं। हमारा भी बराबरी का हक है!' तालिबान ने डराने के लिए हवा में गोलियां दागीं, कुछ औरतों के साथ मारपीट भी की गई। इसके बाद ज्यादातर प्रदर्शनकारी औरतों ने बाहर आने से मना कर दिया, पर वहीदा नहीं डरीं। वह विरोध प्रदर्शन आयोजित करती रहीं। अंततः फरवरी 2022 में उन्हें चंद प्रदर्शनकारी ्त्ररयों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में सभी औरतों को छोड़ दिया गया, मगर वहीदा कैद में ही रहीं। रिहा करने से पहले उनसे जबरन यह बयान लिया गया कि विदेश में रह रहे अफगानियों ने उन्हें उकसाया था और आगे से वह विरोध प्रदर्शन नहीं करेंगी। बड़े भारी मन से काबुल छोड़कर वहीदा अब पाकिस्तान आ गई हैं। उन्हें मलाल है कि एक लाइब्रेरियन से वह फिर शरणार्थी बन गईं। मगर अब वह दुनिया भर के प्रभावशाली मंचों पर अफगानी औरतों के हक की जंग लड़ रही हैं।

# हम सब नर या नारी नहीं, नागरिक हैं

परिषद के समक्ष यह प्रस्ताव रखते हुए सर्वप्रथम मैं चाहता हूं कि मेरी इस बात को समझ लिया जाए कि यह संशोधन केवल भाषा में सुधार करने का प्रयत्न ही नहीं है। मैं स्वयं को अंग्रेजी भाषा का प्रमाणित विद्वान नहीं कहता और इस भाषा की विशेष रचना शैली के रहस्यों में तो मैं और भी कम प्रवीण हूं। मैं इस मामले को व्यावहारिक ज्ञान के दृष्टिकोण से ही देखता हूं। इस खंड में 'नागरिकों' शब्द का जिस प्रकार प्रयोग हुआ है, उस रूप में यह इतना समूह वाचक है कि मुझे भय है, इस शब्द का व्यक्तिवाचक आशय दृष्टि से लोप हो जाना अति संभव है। अतः मैं 'नागरिकों' शब्द के स्थान पर 'प्रत्येक नागरिक' शब्द रखने का प्रस्ताव रख रहा हूं, ताकि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आजीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार होगा। मेरे संशोधन से व्यक्तिवाचक आशय अधिक अच्छी तरह व्यक्त होता है। यही भाषा बाद में इसी अध्याय के एक अनुच्छेद में, जिसमें प्राथमिक शिक्षा के अधिकार की चर्चा की गई है, प्रयुक्त हुई है, अतः मैं कोई नवीन शब्द का सुझाव नहीं दे रहा हूं, जो मसविदा लेखक की शब्दावलि में स्वीकार न किया गया हो। ...इस शब्द को समूहवाचक अर्थ में लें, तो इससे अंत में सामान्य (औसत) नागरिक की समृद्धि के लिए अनिश्चित आशा ही व्यक्त होगी। औसत का नियम बहुत धोखे में डालने वाला नियम है और इससे आपको एक ऐसा संतोष सा हो जाता है, जिसका वास्तव में कोई आधार नहीं होता। मेरी यह इच्छा नहीं है कि इस वाद-विवाद को ऐसा बना दूं कि परिषद् का मनोरंजन करने की योग्यता का छिछला प्रदर्शन करने लगूं, पर मैं परिषद् को यह बताए बिना नहीं रह सकता कि एक यंत्र के समान काम करने वाले अंक-विशेषज्ञ के बुद्धि चातुर्य से औसत के नियम को कैसे बिगाड़ा जा सकता है और ऐसा परिणाम निकाला जा सकता




है, जो यथार्थता के सर्वथा प्रतिकूल हो। उदाहरण के लिए, क्या मैं निवेदन करूं कि मैंने एक महिलाश्रम की कहानी सुनी है। जब महिलाश्रम के प्रबंधकों को पता चला कि आश्रम की दस ल?कियों में से एक ल?की ने स्पष्टतः दुराचरण किया है, तो ग?ब? हुई और मामले की जांच करने और अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए एक अंक विशेषज्ञ बुलाया गया। उसने आश्रम की महिलाओं के विषय में प?ताल की और अपनी प्रसिद्ध रिपोर्ट पेश की, जिसमें उन्होंने बताया कि आश्रम की प्रत्येक महिला 90 प्रतिशत शुद्ध है तथा दस प्रतिशत गर्भवती है। इस बयान में उन्होंने केवल औसत के नियम का इस्तेमाल किया। मैं नहीं जानता कि इसको अच्छी तरह समझा गया है या नहीं कि विशेषज्ञ इस प्रकार के परिणामों पर पहुंच सकते हैं; और क्योंकि मैं नहीं चाहता कि हमारे विधान से हम इस विशेष प्रकार की पूर्णता प्राप्त करें, अतः मैं 'नागरिकों' शब्द के स्थान पर 'प्रत्येक नागरिक' शब्द रखना चाहता हूं, जिससे इस विषय में कोई संदेह का प्रश्न ही न रहे।

मैं समान रूप से 'नर और नारी' इन शब्दों को हटा देने का जो प्रस्ताव कर रहा हूं, उसका एक कारण और है। मेरे विचार में इसमें ऐसी पर्याप्त भावना है कि पुरुष महिलाओं के आश्रयदाता हैं। कोई कारण नहीं है कि पुरुष यह सोचे कि वह महिलाओं के बराबर है, उनसे उच्चतर होना तो दूर रहा। ...मेरे ख्याल में पुरुषों का महिलाओं के आश्रयदाता होने का यह दिखावा, कि जैसे हम उन्हें कोई विशेष अधिकार प्रदान कर रहे हैं, विधान से निकाल देना चाहिए। नागरिक नागरिक है, चाहे उसकी आयु, लिंग या मत कुछ हो और यह विधान द्वारा स्वीकृत मूल सिद्धांत है, इसलिए मुझे कोई कारण दिखाई नहीं देता कि हम 'समान रूप से नर और नारी' क्यों कहें, जैसे कि हमने नर और नारियों को समान अधिकार देने की कृपा की है, विशेषतः जबकि वे अधिकार भी निदेशक ही हैं और इनको तत्काल कार्यान्वित करना भी आवश्यक नहीं। इन कारणों से, मेरा सुझाव है कि इस संशोधन को केवल शाब्दिक संशोधन नहीं समझना चाहिए, अपितु आशय संबंधी संशोधन समझना चाहिए और मुझे विश्वास है कि जो इस विधान को परिषद् में रख रहे हैं, वे इस संशोधन को स्वीकार कर लेंगे।

## विश्व हिन्दी दिवस पर हुआ काव्य गोष्ठी



हिन्दी साहित्य भारती गरियाबंद ने किया आयोजन,गत दिनों विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी साहित्य भारती गरियाबंद के तत्वाधान में गूगल मीट के माध्यम से आनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया था !जिसका विधिवत शुभारंभ माँ शारदे के छायाचित्र में पूजा अर्चना से साथ किया गया !अध्यक्षीय संबोधन करते हुए हिंदी साहित्य भारती गरियाबंद के जिलाध्यक्ष राष्टपति पुरस्कृत शिक्षक डा.मुन्नालाल देवदास नेविश्व हिन्दी दिवस की सबको बधाई देते हुए हिंदी भाषा के अधिक प्रचार प्रसार और मातृभाषा में साहित्यिक रचना पर विशेष जोर दिया !वहीं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक द्वय श्री देवशरण राम साहू एवं श्री कमलकिशोर ताम्रकार ने भी हिन्दी भाषा पर आधारित अपनी उत्कृष्ट रचना की प्रस्तुति देकर हिंदी भाषा के महत्ता पर प्रकाश डाला !तथा हिन्दी साहित्य भारती गरियाबंद के जिला उपाध्यक्ष राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक गीतकार उमेश श्रीवास ने भी अपनी सुमधुर आवाज से एक सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी !इस प्रकार क्रमशः महासचिव श्री अवतार सिन्हा ÷अंगार÷एवं नवोदित रचनाकार श्री नीलाधर प्रधान ने भीअपनी देशभक्ति कविता पाठ से काव्य गोष्ठी को सफल बना दिया !इस कार्यक्रम में जिलेभर के कई रचनाकारों ने आनलाइन जुड़कर अपनी सहभागिता प्रदान किया !

# बच्चों में दक्षता लाने बुनियादी शिक्षा पर दिया शिक्षकों को प्रशिक्षण

### चार दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण का हुआ समापन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

निपुण भारत मिशन के तहत दिनांक 9 जनवरी से 12 जनवरी 2023 तक मैनपुर विकासखंड के अन्तर्गत मेगा संकुल केन्द्र अमलीपदर, गोढ़ियारी एवं कोदोभाठा के प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण हाल अमलीपदर में चार दिवसीय मेगा संकुल स्तरीय स्त्रस्ह दक्षता विकास आधारित प्रशिक्षण का समापन किया गया !जिसके अन्तर्गत प्राथमिक शाला में कार्यरत समस्त प्राथमिक शिक्षक संवर्गो को शिक्षा में गुणवत्ता लाने विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया !प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में संपूर्ण बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को प्राप्त करना है !जिससे कि प्रारंभिक कक्षा स्तर के बच्चे सरलता से पुस्तक पढ़ने सीख सकें तथा साथ में जोड़-घटाना,गुणा-भाग को आसानी से हल कर सकें !प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में संकुल केन्द्र कोदोभाठा से अनील अवस्थी,फणेंन्द्र साहू,संकुल केन्द्र अमलीपदर से बालगोविंद सिंह नागेश,धनसिंह मरकाम, एवं संकुल केन्द्र गोढ़ियारी से तेज कुमार सिन्हा एवं मुकेश सिन्हा द्वारा गीत,कविता, कहानियों एवं नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से सरल विधि से प्रशिक्षण दिया गया !तथा उपस्थित शिक्षकों से अनेक प्रकार के रोचक गतिविधियां भी कराई गई !ताकि उस पद्धति का प्रयोग कर अध्यापन कार्य को और भी रोचक बनाया जा सके !इस मौके पर संकुल समन्वयकों द्वारा प्रशिक्षण देने व प्राप्त करने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया !प्रशिक्षण के अंतिम समापन कार्य में प्रमुखरूप से संकुल प्राचार्य श्री वरूण चक्रधारी,संकुल समन्वयक सुभाष पाण्डेय, भागीरथी नागेश,अनंत राम नागेश,शिक्षक उमेश श्रीवास, बेनीराम टंडन,राजेश राव सिन्धे, कामदेव यादव,कृष्ण कुमार ताम्रकार,श्रीमती इंदु वाघे,यारेन्द सिंह कोमर्रा,सरिता ध्रुव,पदमन सिंह मांझी,प्रवीण राव वाघे, भुजबल नेताम,मोहरसाय मिरी, रघुसिंह मांझी,नरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे!



# निपुण भारत मिशन के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



संकुल केन्द्र अमलीपदर, गोढ़ियारी और कोदोभाठा के शिक्षक हुए शामिल

निपुण भारत मिशन के तहत गत 9 जनवरी से मैनपुर विकासखंड के अन्तर्गत संकुल केन्द्र अमलीपदर,गोढ़ियारी एवं कोदोभाठा के शिक्षकों का अमलीपदर तहसील में स्थित प्रशिक्षण हाल अमलीपदर मेंचार दिवसीय मेगा संकुल स्तरीय स्त्रस्ह दक्षता विकास आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया !जिसके अन्तर्गत प्राथमिक शाला में कार्यरत समस्त प्राथमिक शिक्षकों को शिक्षा में गुणवत्ता लाने विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है !प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में संपूर्ण बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को प्राप्त करना है !प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में संकुल केन्द्र अमलीपदर से बालगोविंद सिंह नागेश,धनसिंह मरकाम,संकुल केन्द्र कोदोभाठा से अनील अवस्थी,फणेन्द साहू, एवं संकुल केन्द्र गोढ़ियारी से तेज कुमर सिन्हा एवं मुकेश सिन्हा द्वारा गीत,कविता कहानियों एवं नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से सरल विधि से प्रशिक्षण दिया जा रहा है !जिसमें शिक्षकों द्वारा शिक्षा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों काप्रस्तुतीकरण भी दिया जा रहा है !प्रशिक्षण के शुभारंभ दिवस में प्रमुखरूप से संकुल प्राचार्य श्री वरूण चक्रधारी,संकुल समन्वयक सुभाष पाण्डेय, भागीरथी नागेश,अनंत राम नागेश,शिक्षक उमेश श्रीवास बेनाम टंडन,राजेश राव सिन्धे कामदेव यादव,कृष्ण कुमार ताम्रकार,श्रीमती इंदु वाघे, यारेन्द सिंह कोमर्रा,सरिता ध्रुव,पदमन सिंह मांझी,प्रवीण राव वाघे,भुजबल नेताम,मोहरसाय मिरी,रघुसिंह मांझी,नरेंद्र यादवआदि उपस्थित रहे!

# जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा किया गया अपना घर आश्रम में गरम जैकेट का वितरण

### शिवपुरी एसएसपी राजेश सिंह चंदेल भी हुए शामिल



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहने वाली संस्था जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष में एवं यूएनएसडीजी कार्यक्रम के अंतर्गत अपना घर आश्रम शिवपुरी में गर्म जैकेट का वितरण किया गया जिसमें जीसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा 100 जैकेट बांटी गई जिसमें मुख्य रुप से एसएसपी राजेश सिंह चंदेल उपस्थित रहे जिसमें जेसीआई की अध्यक्ष ने कहा की बढ़ते ठंड को लेकर प्रभुजियो को गर्म जैकेट का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्य के लिए हमारी संस्था हमेशा लोगों के बीच खड़ी रहती हैं और उन्हें हर संभव मदद करते हैं। एसएसपी राजेश सिंह चंदेल ने भी जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की सराहना की जिसमे अध्यक्ष एचजीएफ प्रियंका शिवहरे , सचिव जेसी आरती जैन, जेसी अंजना अग्रवाल, जेसी प्रियंका सोनी, जेसी कुसुमलता राठौर, तनुजा गर्ग, भारती सोनी , जेसी नीता श्रीवास्तव, जेसी बबिता अग्रवाल, जेसी नीतू शिवहरे, जेसी चेतना गुप्ता , जेसी रिजवाना खान , अंशु अग्रवाल , जेसी माधवी सोनी, जेसी सुनीता दहिया आदि सदस्य उपस्थित रहे एवं अंत में सचिव जेसी आरती जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कुँवर धीरेन्द्र ठाकुर ने किया यंग अचीवर्स के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का शिवपुरी जिले का प्रतिनिधित्व

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** प्रदेश में युवा दिवस के अवसर पर सीएम हाउस पर प्रदेश के समस्त युवाओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी ने युवाओं को नहीं अक्षर देने के लिए भोपाल में आमंत्रित किया जिसमें शिवपुरी शहर का नेतृत्व करते हुए अवंतिका वाटर सप्लाई के संचालक धीरेंद्र ठाकुर को भी भोपाल में बुलावा दिया गया धीरज ठाकुर जोकि अवंतिका वाटर सप्लाई के माध्यम से हमेशा हर प्रोग्राम में अपनी अलग एक छवि बनाने के लिए जाने जाते हैं जो कि किसी भी प्रोग्राम में अपनी अवंतिका वाटर सप्लाई के माध्यम से शहर के निवासियों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करते हैं चाहे वह कोई भी प्रोग्राम हो उनके आर ओ वाटर का नाम शहर के हर व्यक्ति के मुख पर बना हुआ रहता है क्योंकि वह हमेशा ही हर प्रोग्राम के लिए तैयार रहते हैं उनके द्वारा लगभग 5 सैकड़ा से अधिक लोगों को रोजगार अभी तक दे दिया गया है और आगे भी इसी प्रकार वह रोजगार की और व्यवस्थाएं करने के लिए तैयार रहते हैं उनके द्वारा अभी तक जितने भी लोगों को रोजगार दिया गया है उन लोगों में से कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जो कि अपने जीवन को खुशहाल तरीके से चला रहा हो हर व्यक्ति अपने जीवन को उनके द्वारा दिए गए रोजगार से खुश होकर अपने और अपने परिवार की अच्छी परवरिश कर रहा है माननीय मुख्यमंत्री जी गए युवा दिवस के अवसर पर युवा अचीवर्स संवाद कार्यक्रम भोपाल सीएम हाउस में माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के सानिध्य मे संपन्न हुआ इसमें सीहोर जिले से विश्व प्रसिद्ध मेघा परमार जी एवं इंदौर से चाय सुट्टाबार संचालक अनुभव दुबे शिवपुरी जिले से अवंतिका आर ओ वाटर संचालक कुँवर धीरेन्द्र ठाकुर ने भाग लिया और कई युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने एवं जन अभियान के माध्यम से एवं मदद बैंक के साथ कई प्रोग्रामों मे एवं शहर मे पौधा रोपण कर अपनी अलग पहचान स्थापित की इसी प्रकार सभी जिलों से अन्य कई क्षेत्रो मे अपना उम्दा प्रदर्शन करने बाले युवा अचीवर्सो ने भाग लिया और आगामी सरकार की योजनाओं मे कृषि,उद्योग, एवं जन हितेषी योजनाओं के लिए अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये




# बिना डिग्री के चल रही झोलाछाप डॉक्टरों की दुकाने है बीच बाजार में खुलेआम संचालित सीएमएचओ को पहुंच जाता है हर महीने कमीशन



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नीलगर चौराहे पर स्थित सोनी क्लीनिक नाम से एक झोलाछाप डॉक्टर ने अपनी क्लीनिक खोल रखी हैं जिनके पास में ना ही किसी प्रकार की कोई डिग्री है और ना ही वह किसी बहुत बड़े हॉस्पिटल से या किसी मेडिकल कॉलेज से ट्रेनिंग लेकर या पढ़कर आए हैं वह तो किसी प्राइवेट डॉक्टर की क्लीनिक पर प्रैक्टिस करके अपनी खुद की क्लीनिक खोल ली और गरीब भोली भाली जनता को इलाज कर रहे हैं अपने मनमर्जी कर गरीबों को लूट रहे हैं अपने जीवन काल में कुछ दवाई गोली और इंजेक्शनओं के नाम याद करके अपने आप को बहुत बड़े डॉक्टर समझ रहे हैं उनसे पूछे जाने पर उनका कहना है कि हम तो ऐसे ही इलाज करते हैं यहां का प्रशासन हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता और सीएमएचओ को तो हर महीने हम कमीशन देते हैं तो सीएमएचओ तो हमारी जेब में है इस बारे में सीएमएचओ साहब से बात करने पर सीएमएचओ साहब ने कुछ स्पष्ट जवाब नहीं दिया और बातों को गोल गोल घुमाने लगे उनकी बातों को सुनकर ऐसा लगता है कि सीएमएचओ साहब को भी हर महा कमीशन पहुंचता है जिस पर वह ऐसी झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानों को संचालित करने का आदेश देते हैं शिवपुरी नगर में इतनी झोलाछाप डॉक्टरों की दुकान है जबसे सीएमएचओ पवन जैन का आना हुआ है तब से खुली है जितनी पहले नहीं थी अब कोई भी व्यक्ति जो मेडिकल पर काम करके या किसी प्राइवेट डॉक्टर के पास थोड़ा बहुत सीख कर अपनी खुद की क्लीनिक खोल लेता है जिसके पास नाही बहुत ज्यादा एक्सपीरियंस है और ना ही किसी मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई है और ना ही कोई डिग्री यदि सीएमएचओ साहब ने ऐसी झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही नहीं की तो इसकी शिकायत बहुत जल्द स्वास्थ्य मंत्री से की जाएगी और इन पर एक्शन लिया जाएगा साथ ही सीएमएचओ साहब को भी लपेट आ जाएगा

## अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न

### पुलिस विभाग ने कलेक्ट्रेट एकादश को 35 रनों से हराकर विजेता बनी मेन ऑफ द सीरीज का पुरूस्कार कलेक्ट्रेट एकादश के आसिफ खान को दिया



**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

शिवपुरी 15 जनवरी 2023/ म.प्र. लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शिवपुरी के तत्वाधान में खेल और युवा कल्याण विभाग के सहयोग से अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका फायनल मुकाबला पुलिस विभाग एवं कलेक्ट्रेट एकादश के बीच खेला गया। फायनल मैच के मुख्य अथिति के रूप में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल रहे। पुलिस विभाग की ओर से मैच की शुरूआत अच्छी नहीं रही, उसके ओपनर बैट्समैन सस्ते में आउट होने से निर्धारित 15 ओवर में मात्र 138 रन का ही स्कोर बना सकी। पुलिस विभाग के 139 रनों का पीछा करने उतरी कलेक्ट्रेट एकादश की पूरी टीम 14 ओवर में 103 रन बनाकर आउट हो गई। अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष विपुल जैमेनी, के.पी.परमार, गिर्राज शर्मा, राजकुमारी परिहार, समाज सेवी मोहित अग्रवाल मौजूद रहे व पुरूस्कार वितरण किया। खेल विभाग के जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ.के.के. खरे, व समस्त कर्मचारियों द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया। मैच में एम्पायरिंग, साकिर खान, भानू प्रताप सिंह ठाकुर, आदित्य शर्मा, प्रषांत चौहान, आदित्य यादव, खेल विभाग के प्रशिक्षणार्थी खिला?ियों द्वारा की गई व स्कोरिंग कमल सिंह बाथम ने की।

# हिमाचल पहली कैबिनेट मै पुरानी पेंशन बहाल,मध्यप्रदेश सरकार भी करें पेंशन बहाल:जनक सिंह रावत

### हिमाचल मै पुरानी पेंशन बहाल कर्मचारी खुश कांग्रेस सरकार को दी बधाई

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी** - पुरानी पेंशन बहाली संघ के राष्टीय सयोंजक जनक सिंह रावत ने प्रेस को दी गई विज्ञप्ति में बताया कि हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को लोहड़ी के दिन न्यू पेंशन स्कीम को बंद कर पुरानी पेंशन बहाल की गई कर्मचारियों के लिए दिवाली जैसा माहौल था। कांग्रेस की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की पहली कैबिनेट ने हिमाचल में 20 साल के बाद ओल्ड पेंशन को फिर से बहाल कर दिया है। यह फैसला मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री ने खुद प्रेस वार्ता मै दी और कहा भारत सरकार को एनपीएस कंट्रीब्यूशन को बंद कर दिया है सीएम ने कहा कि एनपीएस कंट्रीब्यूशन एकदम बंद किया जा रहा है और बाकी बातें एक-दो दिन में जारी होने वाली नोटिफिकेशन में साफ हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि 1.36 लाख एनपीएस कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे देश के अनेक संगठनों द्वारा सरकार द्वारा की गई पुरानी पेंशन बहाली पर खुशी व्यक्त की गई है और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी मांग की गई है कर्मचारी हित में जल्द से जल्द पुरानी पेंशन बहाल करें यदि समय रहते सरकारों द्वारा पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई तो आने वाले चुनावों में हर प्रदेश में पुरानी पेंशन वाली सरकार स्थापित करने में कर्मचारी और उसका परिवार सहयोग करेगा

# भाजपा पदाधिकारी की बैठक में बोलीं जिला संगठन प्रभारी लक्ष्मी वर्मा- आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठित होकर कार्य करें

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**0 संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की।**

**0 राज्य की कांग्रेस सरकार पर लगाए आरोप।**

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह जुट जाएं। भाजपा के कार्यकर्ता संगठित होकर बुथ स्तर पर जाकर कार्य करें और केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं राज्य की कांग्रेस सरकार की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाए। अब समय एकजुट होकर विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कार्य करने का है। हमारा लक्ष्य छत्तीसगढ़ में भाजपा को भारी बहुमत के साथ सत्ता में लाना है, साथ ही गरियाबंद जिला के दोनों विधानसभा सीट में जीत दर्ज कर भाजपा की झोली में लाना है। उक्त बातें भाजपा जिला संगठन प्रभारी लक्ष्मी वर्मा एवं सह-प्रभारी किशोर महानंद ने गरियाबंद में शुक्रवार को आयोजित भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारी की बैठक में कही। भाजपा जिला पदाधिकारी की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला संगठन प्रभारी लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य प्रत्येक कार्यकर्ताओं को करना है। कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नींव है, अगर नींव मजबूत होगी तो पार्टी अपने आप ही मजबूत होगी, इसलिए हम सभी को एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करना है। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह झूठ बोलकर सत्ता में आई है, इन्होंने चुनावी घोषणा पत्र में कई लोक-लुभावनें वायदे किए थे, जो कि अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं। इन चार वर्षों में कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी का अंतर राज्य की जनता ने देख लिया है। कहा कि प्रदेश में दुष्ढ़र्म एवं महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गए हैं। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा कार्यकर्ताओं से आव्हान किया अब समय बहुत कम है, इसलिए हम सभी संगठित होकर पार्टी हित में कार्य करें।प्रदेश में राजनीतिक करवट बदल रही, कार्यकर्ता चुनावी तैयारी में हो जाएं सक्रिय- किशोर महानंदभाजपा जिला पदाधिकारी की बैठक में सह-संगठन प्रभारी




किशोर महानंद भाजपा पदाधिकारियों से रूबरू होते हुए संगठनात्मक कार्यों तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में राजनीतिक करवट बदल रही हैं। वातावरण भी बदल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे अब चुनावी तैयारी में सक्रियता से जुट जाएं। कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पार्टी ने जिस विश्वास और भरोसे के साथ जो जिम्मेदारी हमें सौंपी है, उसे बखूबी से निर्वहन करना है। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि इन्होंने सभी वर्गो को सिर्फ ठगने का काम किया है। इन चार वर्षों में शांत छत्तीसगढ़ अशांत हो चुका है। आज प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं, भय का वातावरण बना हुआ है। विकास कार्य पूरे ठप हो गए हैं। कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ आमजनता में जबरदस्त नाराजगी व्याप्त है। अब हमें राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर घर-घर जाना है और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को उखाढ़ फेंकना है।इस दौरान भाजपा पि.व. मोर्चा के राष्टीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. श्वेता शर्मा, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, भागीरथी मांझी, जिला महामंत्री पुनीत राम सिन्हा, पूर्व महामंत्री मुरलीधर सिन्हा, राहुल सेन, कुंजबिहारी बेहरा, योगेश शर्मा, छत्तर सिंह ठाकुर, चिरंजीव देवांगन, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, मंडल अध्यक्षद्वय कमल सिन्हा, प्यारेलाल सोनकर, सुरेन्द्र सोनटेके, दुलार सिन्हा, गुरुनारायण तिवारी, लुद्रास साहू, सीताराम यादव, सोम प्रकाश साहू, लालिमा ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू नायक, परस देवांगन, बिंदु सिन्हा, बोधन नायक, मनीष हरित, पारस ठाकुर, हलमन धुर्वा, ऋतुराज शाह, रितेश यादव, मिंजुन साहू, दशरथ सिन्हा, आनंद ठाकुर, आकाश राजपूत सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मकर संक्रांति पर्व पर हजारो भक्तों ने जागेश्वर नाथ के दर्शन किये

पुष्पांजली टुडे



**दमोह/बांदकपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर हजारों भक्तों ने देव श्री जागेश्वर नाथ जी का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया।ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने एवं दक्षिणायन से उत्तरायण होने के पर्व को भक्तों ने ब? उत्साह से मनाया। देव श्री जागेश्वर नाथ के दर्शन करने के लिए हजारों भक्तों का सुबह से ही ताँता लगा रहा। मंदिर पहुंचे भक्तों ने देव श्री जागेश्वर नाथ जी का जलाभिषेक किया। मंदिर ट्रस्ट के द्वारा समस्त भक्तों की सुविधा के लिए सराहनीय व्यवस्था कमेटी द्वारा की गई। आगामी बसंत पंचमी पर्व और महाशिवरात्रि के मेलों को देखते हुए भी ट्रस्ट के द्वारा व्यवस्थाएं प्रारंभ कर दी गई है

## विरागोदय पंचकल्याणक महामहोत्सव में लगी पात्रों की झड़ी

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** विरागोदय तीर्थ पथरिया में संपन्न होने जा रहे 1 से 15 फरवरी 2023 तक मज्जिनेंद्र 80 (अस्सी) पंचकल्याणक महामहोत्सव हेतु परम पूज्य भारत गौरव राष्ट्रसंत गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज ससंग के पावन सानिध्य में मुख्य पात्रों का चयन किया जा चुका है। तथा साथ ही अन्य 80 (अस्सी) सौधर्मेंद्र, कुबेर, यज्ञ नायक, माता पिता बनने हेतु लोगों की झड़ी लगी हुई है। अब तक बन चुके पात्र, इस महामहोत्सव में शामिल होने हेतु माता-पिता की संख्या 120 से भी अधिक आ चुकी है जिसमें केवल 80 दंपतियों का ही चयन किया जाएगा। सौधर्मेंद्र, यज्ञ नायक, कुबेर, की संख्या 50 के ऊपर पहुंच चुकी है तथा प्रतिदिन नए नए नामों की श्रृंखला जारी है। विरागोदय तीर्थ क्षेत्र समिति के सदस्यों ने इस बारे में बताया कि महा महोत्सव में बनने वाले पात्रों के लिए आवाज, भोजन, वस्त्र, आभूषण इत्यादि की पूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी यदि आगंतुक लोगों को रोकने की व्यवस्था विरागोदय से दूर है तो उन्हें आवागमन हेतु मुक्त व्यवस्था उपलब्ध होगी। विरागोदय महा महोत्सव के मुख्य मीडिया प्रभारी विरल जैन ने बताया कि यह विरागोदय



तीर्थ महा महोत्सव लाखो लोगो को पुण्यार्जन में हेतु बनेगा जिसमें केवल जैन ही नहीं जैनेत्तर , राजनैतिक, मेडिकल, वकील, अन्य धर्म गुरु , इंजीनियर , सी ए, सी एस, ए आई एस, आई पी एस, इत्यादि अनेकानेक भारत की विभूतियां सम्मिलित होंगी।

## मूल भूत सुविधा के लिए तरस रहा है ग्राम कामेपुर के ग्रामीण

संवाददाता हेमचंद नागेश

बिन्द्रानवागढ़ से 10 कि. मी. में बसे ग्राम कामेपुर ग्राम पंचायत घटौद जो कि आज भी मूलभूत सुविधा से वंचित है क्युकी 2014-15में प्रधान मंत्री सड़क का निर्माण हुए है लेकिन बीच में कोदो कछार नाला पड़ता है जिसमें में आज तक पुल निर्माण नही होने के कारण बरसात के दिनों मे काफी समस्या का सामना करना पड़ता है यहां तक कि जिला मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है यही नहीं की ग्राम पंचायत मुख्यालय से भी संपर्क टूट जाता है , दोनों तरफ नाला होने की वजह से स्कूली छात्र छात्राओं को जो उच्च शिक्षा के लिए धवलपुर मैनपुर जाना पड़ता है जिसे जान को हथेली मे रखकर नाला पार करके स्कूल, कालेज जाना पड़ता है एवं बीमार पड़ने पर व प्रसव के दौरान महिलाओं को खाट मे बैठा कर नाला पार कर स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाना पड़ता है यही नहीं की इस नाला में पुल के लिए विभागों में आवेदन निवेदन करते करते ग्रामीण थक चुके है,और आज तक बाट देख रहे है कब हमारे समस्या का समाधान होगा जनप्रतिनिधियों से भी अपेक्षा करते है कि हमारे समस्या को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएं परन्तु कोई ध्यान नहीं देते है।



## विधानसभा चुनाव 2023:- युवा संघर्ष मोर्चा करेगी बिन्द्रानवागढ़ और राजिम विधानसभा से दावेदारी- युमेन्द्र कश्यप

संवाददाता हेमचंद नागेश



**गरियाबंद।**निष्पक्ष जनसेवा की भावना लेकर राजनीति में उतरे युवा संघर्ष मोर्चा की नजर अब आगामी विधानसभा चुनाव की ओर जा रही है।युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद के जिलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि- युवा संघर्ष मोर्चा अगली बार 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में गरियाबंद जिला के दोनो विधानसभा राजिम और बिंद्रानवागढ़ से निष्पक्ष रुप में विधायक की दावेदारी पेश करेगी। जिसकी तैयारी के लिए युवा संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता कमर कस लें। श्री कश्यप ने आगे कहा कि- बिंद्रानवागढ़ आज भी विकास से कोसों दूर है,जबकि यहां पिछले 15 सालों से भाजपा के ही विधायक हैं। लेकिन अपने क्षेत्र में निष्क्रियता साबित हो रहे हैं। निष्पक्ष रुप से क्षेत्र के विकास के लिए युवा संघर्ष मोर्चा हमेशा संघर्ष करेगी। आने वाले विधानसभा चुनाव में गरियाबंद जिला में निष्पक्ष दावेदारी पेश करेंगे, साथ ही युवा प्रतिनिधि बनाने का हमारा लक्ष्य है। जिसकी जिम्मेदारी युवा संघर्ष मोर्चा के प्रत्येक सदस्य को लेते हुए अभी से इसकी तैयारियां शुरू कर दें।**क्षेत्र की जनताओं से भी मिल रहा है समर्थन**–कश्यप ने कहा कि- पिछले 1 साल से युवा संघर्ष मोर्चा द्वारा लगातार जनहित के कार्य को देखते हुए क्षेत्र की जनता द्वारा भी समर्थन मिल रहा है। यह हमारे युवा संघर्ष मोर्चा के प्रत्येक सदस्यों की मेहनत, लगन, आत्मविश्वास का ही नतीजा है। रास्ता कठिन है पर हमें आत्मविश्वास से आगे बढ़ना है, और इसी आत्मविश्वास से कार्य करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में युवा संघर्ष मोर्चा से युवा जनप्रतिनिधि बनाने का लक्ष्य है।

## मोर आवास मोर अधिकार बहुत बढ़ा मुद्दा है,छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने गरीब, मजदूर,किसानों का हक मार कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित कर रखा-भागीरथी मांझी प्रदेश उपाध्यक्ष अ.ज.जा.मोर्चा

संवाददाता हेमचंद नागेश

**देवभोग–** मोर आवास मोर अधिकार योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों के हित में जिला भाजपा आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी करने जा रहे है। इस संबंध में मोर आवास मोर अधिकार की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में तथा देवभोग के बैठक में मार्गदर्शन दिया गया। जिसमे ग्राम पंचायत सेंदमुड़ा में प्रमुख वक्ता भागीरथी मांझी प्रदेश उपाध्यक्ष अनूसूचित जनजाति मोर्चा छ.ग.ने हितग्राहीयों से भेंट केंद्र सरकार के योजनाओं कि जानकारी दी। इसी कड़ी में मोर आवास मोर अधिकार के तहत भागीरथी मांझी जी ने कहा भाजपा ने मंच से राज्य सरकार के खिलाफ कई मुद्दों पर आवाज बुलंद करने की कोशिश की,प्रमुख मुद्दों के तौर पर भाजपा ने प्रधानमंत्री आवास के रुके हुए मामलों को उठाया है। मांझी जी क्षेत्र में लगातार दौरा कर भाजपा संगठन को मजबूत और एकसूत्र मे बांधने का कार्य कर रहे हैं। भागीरथी मांझी जी प्रदेश में व बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के लोकप्रिय प्रभावशाली नेताओं में से एक हैं जिनके एक आवाज देने पर सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र होकर संगठन के लिए खढ़े हो जाते है। भागीरथी मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना बनाकर गरीबों के सपने को साकार करने का बीड़ा उठाया है, ताकि गरीबों को पक्का मकान मिल सके। लेकिन आज छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में 'मोर आवास-मोर अधिकार, रोक के रखे हे कांग्रेस सरकार' का



नारा गूंज रहा है। क्योंकि राज्य की कांग्रेस सरकार ने राज्यांश के नाम पर 11 लाख से अधिक गरीब परिवारों का प्रधानमंत्री आवास रोक दिया हैं, इसलिए आज गांव-गांव में यह नारा गूंज रहा है। मांझी ने कहा बहुत जल्द समस्या का समाधान होगा हर गरीब को घर मिलेगा। मोर आवास मोर अधिकार अभियान में प्रमुखता से भागीदारी में रहे भुवनलाल बघेल संचालक,उप सरपंच गिरिधारी मरकाम,प्रभारी नरेंद्र प्रधान,धोबीराम मरकाम,प्यारे सिंह नेताम,लखनराम नायक, चितरंजन मरकाम,जुगरत मरकाम,आत्माराम सोरी,संजय सोनवानी, बब्रूबाहान सिन्हा,बसंत मरकाम,उपेंद्र मरकाम सहित महिला हितग्राही बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## राजगोंड समाज के झरगांव का रुप सभापति बनाए गए श्री सत्यवान सिंह सोरी

संवाददाता हेमचंद नागेश



**गरियाबंद** जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्रामपंचायत झरगांव में राज गोड समाज का बैठक दिनांक 14 -1- 2023 को रखा गया था। जिसमें सभी राजगोड समाज के लोगों की उपस्थिति में श्री सत्यवान सिंह सोरी को ग्रुप सभापति नियुक्त किया गया। फुलमाल हार के साथ श्री सत्यवान सिंह सोरी को स्वागत किया गया। श्री सत्यवान सिंह सोरी ने समाज से कहा में पूर्ण निष्ठावान एवं सम्मान के साथ समाज का कार्य करूंगा समाज में कोई भी परेशानी आती है तो उसका निराकरण करने की कोशिश करूंगा एवं सभी समाज जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज के वरिष्ठ जनों ने श्री सत्यवान सिंह सोरी को समाज के ग्रुप सभापति बनाते हुए खुशी जाहिर किए। सत्यवान सिंह सोरी एक वरिष्ठ शिक्षक एवं नेक दिल के है वह समाज के लिए नया उमंग खड़ा करेगा समाज के हमेशा तत्पर रहेगा ऐसा कह कर सभी समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने आशीर्वाद प्रदान किएजिसमे उप सभापति गुंधर मांझी, कोषाध्यक्ष तुलसी पाथर, संरक्षक फुलसिंग पाथर, व 31 मांदी मुखिया व समस्त सगा समाज की उपस्थिति में सर्व सम्मति से झरगांव का ग्रुप सभापति चुना गया एवं अन्य पदाधिकारी का चयन किया गया।

## जयसन नागेश बने किसान कांग्रेस संयुक्त महासचिव

संवाददाता हेमचंद नागेश




प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू जी प्रदेश उपाध्यक्ष फनिश दुबे जी संभाग प्रभारी दुर्गेश वर्मा जी की अनुशंसा पर जयसन नागेश को प्रदेश महासचिव संयुक्त किसान कांग्रेस छत्तीसगढ के पद पर नियुक्त किया गया जयसन नागेश ने पद ग्रहण कर पार्टी का आभार व्यक्त किया

## छुरा पुलिस द्वारा चलाया गया राष्टीय सड़क सुरक्षा सप्ताह जन जागरूकता

संवाददाता हेमचंद नागेश

**छुरा।**पुलिस विभाग गरियाबंद द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक सुश्री निशा सिन्हा उप पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मैं आज दिनांक 14 जनवरी 2023 को राष्टीय राष्टीय सड़क सुरक्षा सप्ताह जन जागरूकता कार्यक्रम ग्राम दुल्ला मैं छुरा थाना द्वारा किया गया यातायात सड़क सुरक्षा सुरक्षा के नियमों की जानकारी दिया गया एवं अपील भी किया गया दुपहिया वाहन में तीन सवारी बैठकर वाहन ना चलाएं,चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें,घर में छोटे बच्चों को वाहन ना दें,दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करें,वाहन हमेशा अपने बायी और ही चलाये,नशे की हालत में वाहन ना चलाएं, ओवरटेक ना करें,वाहन में हमेशा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें,चलते वाहन पर उतरना या चढ़ना नहीं



चाहिए,सड़कों पर झुंड बनाकर ना चलें,बीच सड़क पर वाहन ना रोकें,व्यवहार शिष्ट रखें,बच्चों को सड़क पर ना खेलने दें,अंधे बूढ़े तथा बच्चों को सड़क पार करने में मदद करनी चाहिए,वाहन धीरे चलाएं,वाहन चलाते समय मोबाइल से बात ना करें,आपकी जरा सी सावधानी एक दुर्घटना को जन्म दे सकती है समाज को आपकी आवश्यकता है थाना छुरा एसआई मोहन ठाकुर के कुशल नेतृत्व में यातायात नियमों की जानकारी दिया गया कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी शीतल ध्रुव के द्वारा किया गया कार्यक्रम में पुलिस विभाग के कर्मचारी उमेश शांडिल्य,मेजर ललित नेताम,विनोद कुमार,सुरेश कुमार सबर,माखन समाजसेवी पुनितराम ठाकुर विशेष सहयोग रहा।पंपलेट वितरण कर एवं नियमों की जानकारी दिया कोसम बूढ़ा चौका पर वाहनों को रोककर वाहन चालकों को नेत्र परीक्षण स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी द्वारा किया गया

## 11 दिवसीय उसरीजोर क्रिकेट टूर्नामेंट में अमलीपदर ने मारी बाजी

संवाददाता हेमचंद नागेश

### मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए श्री लोकेंद्र सिंह कोमर्रा

गत दिनों ग्राम उसरीजोर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच 14 जनवरी को अमलीपदर और दाबरीगुड़ा के बीच खेला गया !3 जनवरी से 14 जनवरी तक चले इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ एवंव उड़ीसा की कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया था !जहाँ फाइनल मुकाबला दाबरीगुड़ा और अमलीपदर ढ़के बीच खेला गया !दाबरीगुड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में सिर्फ 68 रन ही बना पाई,लक्ष्य का पीछा करते हुए अमलीपदर की टीम ने लक्की नागेश के 11 गेंदों में 56 रनो की पारी के बदौलत लक्ष्य को आसानी से पूरा कर लिया ! मेन ऑफ़ द मैच और मेन ऑफ़ द टूर्नामेंट लक्की नागेश को दिया गया !तथा विजेता टीम को 31000 रुपए तथा उपविजेता टीम को 16000 रुपए दिया गया !टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में श्री लोकेंद्र सिंह कोमर्रा( राष्टीय महासचिव अ.भा.गों. गों.महा.) उपस्थिति थे !श्री कोमर्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए तथा भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन करने के लिए समिति तथा समस्त ग्रामवासी को धन्यवाद एवं बधाई देते हुए कहा कि मेरा बचपन उसरीजोर से जुड़ा हुआ है!

## कांग्रेस सरकार खुद अब यह मानती है कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था उसके नियंत्रण से बाहर चली गई है: अरूण साव

### भूपेश सरकार ने जो लागू किया वो राष्ट्रीय सुरक्षा कानून नहीं कांग्रेस सुरक्षा कानून है : डॉ. रमन सिंह

लोगो की संस्कृति छीनकर ,हक अधिकार के आंदोलनों को कुचलना चाहती है कांग्रेस प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, राष्टीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसग में कांग्रेस ने एक बार फिर से आपातकाल लगाने की साजिश रची है। अपने साम्प्रदायिक तुष्टीकरण की राजनीति के तहत उसने प्रदेश में धर्मांतरण को बावा देने के लिए 'रासुका' लगा दिया है। अत्यधिक असामान्य परिस्थितियों में उठाये जाने वाले इस कदम ने कांग्रेस की विभाजनकारी राजनीति की पोल खोल दी है। आप सभी जानते हैं कि भाजपा द्वारा पूर्व में कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति के बारे में लगातार मामला उठाया जाता रहा है, तब कांग्रेस यह डींगें हांकती थी कि प्रदेश में सब कुछ समान्य है और कानून-व्यवस्था बेहतर है। अब आखिर क्या ऐसी परिस्थितियां पैदा हो गयी यह गंभीर कदम उठाना पा। क्या कांग्रेस सरकार खुद भी अब यह मानती है कि प्रदेश की कानून-व्यस्था उसके नियंत्रण से बाहर चला गया है और लॉ एंड आर्डर मेंटेन रखने के अपने मूल दायित्व को निभाने में सरकार विफल हुई हैकांग्रेस स्पष्ट तौर पर छत्तीसग में तुष्टीकरण और धर्मांतरण के एजेंडे पर काम कर रही है। किसी सरकार का काम धर्म और संस्कृति को कुचलना तथा धर्मान्तरण को बावा देना नहीं होता, लेकिन छत्तीसग में कांग्रेस धर्मांतरण के पक्ष में अपने अधिकार का सीधे दुरुपयोग कर रही है। वह मिशनरियों के हाथ में खेल रही है।

**छत्तीसगढ़ में अघोषित आपातकाल**–छत्तीसग में भूपेश बघेल ने अघोषित आपातकाल लागू करने की शुरुआत लोकतांत्रिक आंदोलनों को कुचलने के लिए कानून बना कर काफी पहले कर दी थी लेकिन इससे जनता के सभी वर्गो का आक्रोश दोगुना हो गया। इससे घबराकर उन्होंने रासुका के बहाने आपातकाल जैसी अलोकतांत्रिक स्थिति का निर्माण कर दिया है। जब राज्य सरकार मान रही है कि उससे राज्य की कानून व्यवस्थाए नहीं संभल रही है तो उसे अपनी विफलता स्वीकार करते हुए कुर्सी छो देना चाहिए।

**मिशनरी के सामने समर्पण**–छत्तीसग की भूपेश बघेल सरकार ने वास्तव में मिशनरी के सामने समर्पण कर दिया है। प्रत्यक्ष प्रमाण है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली जाकर ईसाई धर्म के नेताओं के सामने सफाई दे आये हैं कि वे उनके साथ खे हैं। मुख्यमंत्री का यह कृत्य साबित कर रहा है कि वे उनके के प्रभाव में हैं। क्या कारण है कारण स्पष्ट है कि सोनिया गांधी के दबाव में या फिर सोनिया गांधी को प्रसन्न करने के लिए यह पक्षपात किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अपना सिंहासन बचाने के लिए ईसाई मिशनरी की शरण में हैं।

**आदिवासी संस्कृति कुचलने की साजिश**–मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रासुका के जरिये आदिवासी संस्कृति को कुचलने का घृणित षड्यंत्र रचा है। वे चाहते हैं कि आदिवासी संस्कृति समाप्त हो जाये। आदिवासी समाज ईसाई समुदाय में कन्वर्ट हो जाये और चर्च के प्रभाव में आ जाए। ऐसा लगता है कि सुनियोजित षड्यंत्र के तहत ही आदिवासी समाज में धर्मांतरण के जरिये विखंडन और वर्ग संघर्ष का खाका तैयार किया गया है। आदिवासी संस्कृति के विरुद्ध भूपेश बघेल के बेहद खतरनाक इरादों को यह रासुका व्यक्त कर रहा है। अपनी संस्कृति को बचाने में लगे आदिवासियों के संघर्ष को कुचलने के लिए उन्हें बेवजह जेल में डालने का इंतजाम किया गया है। ताकि आदिवासी समाज को धर्मांतरण का विरोध करने से रोका जा सके।

**विभिन्न आंदोलनों का दमन**–भूपेश बघेल सरकार द्वारा रासुका के दुरूपयोग के पीछे जो कारण हैं, उनमें एक अहम वजह यह है कि हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध और असंतोष फैला हुआ है। सभी वर्ग इस सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध आंदोलित हैं।



कर्मचारियों से लेकर, शिक्षित बेरोजगार युवा सक पर उतर रहे हैं। धरना दे रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार भयभीत है। विरोध के सभी स्वर कुचलने तैयार है। इसीलिए पूरे प्रदेश में रासुका लागू किया है कि कहीं भी किसी भी प्रदर्शन में सरकार का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने वालों को जेल में ठूंस दिया जाए। भूपेश बघेल रासुका के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं। आज अनियमित कर्मचारी, संविदा कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मचारी, पंचायत कर्मचारी से लेकर भर्ती के लिए युवा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। ऐसा कोई वर्ग नहीं है जो इस सरकार से जरा सा भी संतुष्ट हो। इसलिए भूपेश बघेल ने तानाशाही फरमान जारी किया है।बे ही संदिग्ध तरीके से उठाये गए इस कदम ने अनेक आशंकाओं और सवालों को जन्म दिया है। सवाल है कि- -

आखिर ऐसी क्या परिस्थिति पैदा हुई थी जिसके कारण रासुका लगाना पा जनता को इन परिस्थितियों की जानकारी क्यों नहीं दी गयी

कोई संवेदनशील रिपोर्ट अगर है तो उसे जनता से साझा क्यों नहीं किया गया

1 जनवरी 2023 से यह आदेश प्रभावशील है, जबकि मीडिया में भी यह 12 जनवरी को आया। आखिर इतने बे फैसले को जनता से छिपा कर क्यों रखा गया आखिर किस बात की परदेदारी है इसाई मिशनरियों से सीएम बघेल की दिल्ली में हुई मुलाकात के बाद यह कदम उठाये गए हैं। क्या अपने आलाकमान के साथ मिलकर कांग्रेस कोई बी साजिश रच रही हैसुकमा के एसपी और बस्तर के कमिश्नर जब इसाई मिशनरियों के खिलाफ सरकार को चेतावनी दे रहे थे, तब यही बघेल सरकार अशांति की किसी आशंका से इनकार कर रही थी, अब आदिवासी जब अपनी संस्कृति बचाने के लिए जागरूक हुए हैं, तो कांग्रेस बौखला क्यों रही हैप्रदेश में कबीरधाम में मजहबी तत्वों को प्रश्रय देने के कारण पहली बार दंगे हुए, पहली बार कर्फ्यू लगा। अनेक बार बस्तर के आदिवासी बन्धु भी शिकायत करते रहे हैं, तब मजहबी उपद्रवियों के खिलाफ इन्हें ऐसे किसी कदम की आवश्यकता नहीं हुईआखिर धर्मान्तरण और अपनी संस्कृति को नष्ट करने के विरुद्ध जब आदिवासी बंधु खे हुए हैं, तभी ऐसे कानून क्यों लगाये गए क्या इस कानून की आ में समूचे आदिवासी क्षेत्र का ईसाईकरण करना चाहती है कांग्रेसइससे पहले रायपुर में भी मिशनरियों के लिए पक्षपात का मामला सामने आया था जब जबरन मतांतरण कर रहे उपद्रवी को छो कर वह मामला उठाने वाले छत्तीसगी कार्यकर्ताओं पर ही मुकदमा कर जेल भेज दिया था शासन ने जबकि संविधान जलाने की धमकी देने वाले मिशनरी को छो दिया गया था। क्या रासुका भी ऐसे ही पक्षपात के लिए लाया गया हैभाजपा का यह स्पष्ट मानना है कि धर्मांतरण का अर्थ राष्ट्रांतरण होता है। पहले कांग्रेस ने इसी आधार पर देश के टुके किये, उसके बाद पूर्वोत्तर भारत में मतांतरण की गतिविधियों के कारण लम्बे समय तक अलगाववाद रहा। अल्पसंख्यकों के वोट की लिप्सा में और चर्च के अंतरराष्टीय नेटवर्क का आलाकमान **के माध्यम से खिलौना बन रही है कांग्रेस सरकार**–भाजपा की यह स्पष्ट मांग है कि रासुका लगाने की पूरी परिस्थिति पर कांग्रेस सरकार श्वेत पत्र लाये, साथ ही इसका भी जवाब दे कि उसने इस फैसले को छिपाए क्यों रखा साथ ही तत्काल प्रभाव से इस नव आपातकाल को खत्म करे और प्रदेश में शान्ति-व्यवस्था को कायम रखे। लोकतंत्र की हत्या की कोशिश, इस नए आपातकाल के खिलाफ भी भाजपा के कार्यकर्तागण संघर्ष करने तैयार है।पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री व प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत व प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी मौजूद रहें।

# सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ नौ सूत्रीय मांगो को लेकर कलेक्टर कार्यालय पर 27 जनवरी को जंगी प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम देगा ज्ञापन

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** महासंघ सचिव के सी शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ नौ सूत्रीय मांगो को लेकर कलेक्टर कार्यालय पर 27/1/23को जंगी प्रदर्शन कर कलेक्टर ग्वालियर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन देगा ।ग्वालियर आज दिनांक 15/1/23 कोसेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला ग्वालियर की वृहद बैठक हिंदी साहित्य सभा भवन दौलत गंज ग्वालियर में आयोजित की गई।बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी केनिर्देसानुसार सभी जिलों में नो सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को प्रत्येक जिले मे दिनांक 27/1/23 को दिए जाएंगे।जिला ग्वालियर के सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य जंगी प्रदर्शन कर कलेक्टर जिला ग्वालियर को सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शन कर ज्ञापन देगे।सभा को संबोधित करते हुए प्रतीय संरक्षक बसंत पुरोहित ने सैकड़ों की संख्या में जंगी प्रदर्शन करने का आव्हान किया।सभा को भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख भूदयाल पाठक ने संवोधित करते हुए कहा कि महासंघ के सभी सदस्यों को प्रदर्शन में भाग लेना चाहिए।महासंघ के अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि पेंशनरो की उपेक्षा हो रही है उनकी बाजिव मांगो पर शासन ध्यान नहीं दे रहा है इसलिए पेंशनरो को आक्रोश व्याप्त है।सभा को जिला मंत्री के सी शर्मा ने संवोधित करते हुए कहा कि अव समय है कि सभी पेंशनर एक जुट होकर मांगो को लेकर प्रदर्शन करे।सभा में संरक्षक बसंत पुरोहित भूदयाल पाठक विभाग प्रमुख भारतीय मजदूर संघ अरुण कुमार शर्मा अध्यक्ष के सी शर्मा मंत्री जिला ग्वालियर वरिष्ट साथी श्रीराम गोयल विवेक कुमार दीक्षित दिलीप मिश्रा राम कुमार गुप्ता मुकेश खण्डेलवाल के सरकार योगेन्द्र भदोरिया अशोक भटनागर एन द्विवेदी रघुनाथ प्रसाद त्यागी दिनेश कुमार मिश्रा केशव स्वरूप भार्गव के एन शर्मा सुरेश चंद्र मुडिया,सुशील शर्मा चंद्रमोलि मिश्रा रंजीत प्रसाद शर्मा एस एन दुवे राम कुमार जाटव एक के गोस्वामी राजेन्द्र जाजोरिया रमेश शर्मा,रामप्रकास सैन एस बी द्विवेदी बाबूसिह गुर्जर आर पी शर्मा के पी उपाध्याय, चंद्र मोहन शर्मा रामकुमार गुप्ता अशोक दीक्षित ओम प्रकाश शर्मा विष्णूस्वरूप शर्मा, के के चौधरी अमर सिंह चौहान केशव स्वरूप भार्गव,रवि भार्गव उपेन्द्र कथूरिया आदि बहुत संख्या में सदस्यों की उपस्थित रहे।

# कोलारस विधायक ने किया 300 आवासी क्षमता के नवनिर्मित पुरुष प्रभु सदन के प्रथम चरण एवं गौशाला टीनशेड का भव्य लोकार्पण







**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**शिवपुरी, /** कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने रविवार को ग्राम बांसखेड़ी शारदा साल्वेंट के पास, ए.बी.रोड, शिवपुरी स्थित अपनाघर आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में 300 आवासी क्षमता के नवनिर्मित पुरुष प्रभु सदन के प्रथम चरण एवं गौशाला टीनशेड का भव्य लोकार्पण किया।इस मौके पर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, अपनाघर संस्था भरतपुर के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एन.पी. सिंह, पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र त्यागी, अपनाघर आश्रम डबरा के अध्यक्ष समन्वयक एवं संस्थापक मनीष पाण्डे सहित जनप्रतिनिधि एवं आश्रम में निवासरत नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान 300 आवासी क्षमता के नवनिर्मित पुरुष प्रभु सदन के प्रथम चरण एवं गौशाला टीनशेड का भव्य लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही वृद्धाश्रम व चिकित्सालय भवन का भूमिपूजन एवं नवनिर्मित मंदिर में श्रीराम दरवार की मूर्तियों की स्थापना की गई। कार्यक्रम में आश्रम परिवार द्वारा सभी का स्वागत किया गया। इसके साथ ही जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा समाजसेवी संस्था द्वारा प्रभुजिओ को सौ जैकेट का वितरण किया गया।

# सरपंच एवं सचिव वसूली राशि जमा कराए, नहीं तो होगी एफआईआर

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**



**शिवपुरी,** / जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों के 3 सरपंचों एवं 2 सचिवों को वसूली राशि शासकीय खजाने में जमा नहीं किए जाने के कारण मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा-92 (2) की उपधाराओं के अधीन जारी जेल वारंट के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।जारी निर्देशों के तहत तत्कालीन सरपंच एवं सचिव जो कि ग्राम पंचायत में सरपंच और सचिव की हैसियत से ग्राम पंचायतो का अभिलेख या धन अपनी अभिरक्षा में रखता है। इसमें कुछ ग्राम पंचायत में इनके द्वारा धन संदत्त करने से इंकार किया है। इसमें तहसील पिछोर के ग्राम पंचायत बरेला के सचिव सतेन्द्र शर्मा द्वारा 13 हजार 13 रूपए की राशि तथा ग्राम पंचायत गणेशखे?ा के सरपंच रामप्यारी जाटव ने 1 लाख 10 हजार 250 रूपए तथा तहसील बदरवास के ग्राम पंचायत गणेशखे?ा के सरपंच रामकुअर लोधी ने 61 हजार रूपए की राशि जमा कराई है। जबकि शेष रहे सरपंच एवं सचिवों में ग्राम पंचायत सिरसौद के तत्कालीन सरपंच रामदयाल धानुक, ग्राम पंचायत गौराटीला के तत्कालीन सरपंच श्रीमती शांति बाई, ग्राम पंचायत विजयपुरा बदरवास के तत्कालीन सरपंच धंधूलाल तथा ग्राम पंचायत सिरसौद के सचिव हरीश बैरागी शामिल है। जिन्होंने अभी तक राशि जमा नहीं कराई है। इनके विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई जाएगी।

# भा.वि.प. सहयोग शाखा का स्वास्थ्य शिविर एवं पौधे वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



भारत विकास परिषद सहयोग शाखा ग्वालियर के अध्यक्ष राज कुमार गर्ग ÷फतेह बाबा÷ के अनुसार स्थाई प्रकल्प के तहत तृतीय एलोपैथी/आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर एवं दवाई वितरण कार्यक्रम डा. के. के. गुप्ता एवं डा. उपदेश राजोरिया के नेतृत्व मेंएफ-11 चेतकपुरी में आयोजित किया गया7 जिसमें डा. द्वय द्वारा काफी मरीजों का चैकअप कर उनकी सुविधा अनुसार दवाई उपलब्ध कराई गई7स्थाई प्रकल्प के ही क्रम में तृतीय पर्यावरण कार्यक्रम के तहत पांच पौधे वितरण कार्यक्रम श्रीमती मेघना सिंघल, पूर्णिमा अग्रवाल, प्रीति बिंदल के साथ अस्पताल संचालक उपेन्द्र तोमर के ग्वालियर सिटी होस्पीटल फूलबाग चौराहे पर भेंट किये गये एवं डा. उपेंद्र सिंह तोमर द्वारा सहयोग शाखा की सदस्यता भी ग्रहण की जिसका सभी ने कर्तल ध्वनि के साथ अभिवादन किया7 कार्यक्रम में विशेष रूप से अनूप अग्रवाल संस्थापक, अशोक गर्ग संरक्षक के साथ सुरेश चंद्र बिंदल, किशनलाल गर्ग, सुरेन्द्र अग्रवाल, दिलीप बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, रामनाथ अग्रवाल, गिरराज प्रसाद अग्रवाल, जगमोहन अग्रवाल, मनोज गर्ग, प्रेम अग्रवाल, प्रभु मंगल, महेंद्र बंसल, नंदकिशोर गोयल, दिनेश चंद बंसल, लक्ष्मण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे7 कार्यक्रम में सफल बनाने और अपना अमूल्य समय देकर सहयोग करने के लिए जगमोहन अग्रवाल कोषाध्यक्ष द्वारा सभी को बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया7

# जेसीआई ग्वालियर प्रियदर्शिनी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जेसीआई ग्वालियर प्रियदर्शिनी का 21वां शपथ ग्रहण समारोह्व के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज चौरसिया, रितेश अग्रवाल के आतिथ्य में ॥श्ह्लद्गद्य रीजेंसी स्कवायर में भव्य रूप से आयोजित किया गया । इसमें वर्ष 2023 हेतु जेसी सुगंधा जैन (अध्यक्ष) एवं जेसी मोनिका अग्रवाल (मानसेवी सचिव) ने अपनी पूरी टीम के साथ शपथ ली । अध्याय के जनसम्पर्क अधिकारी 2023 जेसी नूपुर माथुर ने बताया कि अध्यक्ष 2022 जेसी साधना शांडिल्य ने अपनी वर्ष भर के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की । वर्ष 2023 के अध्यक्ष जेसी सुगंधा जैन को शपथ विधि अधिकारी मण्डल उपाध्यक्ष जेसी रीतेश अग्रवाल द्वारा एवम कार्यकारिणी को अध्यक्ष जेसी सुगंधा जैन द्वारा और नवीन सदस्यों को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई । जिसमे मानसेवी सचिव- जेसी मोनिका अग्रवाल , उपाध्यक्ष- जेसी सपना जैन , जेसी ज्योति अग्रवाल , जेसी प्रिय गर्ग , जेसी सुजाता अग्रवाल , कोषाध्यक्ष- जेसी कुमकुम जैन , सह कोषाध्यक्ष जेसी नेहा जैन , सह सचिव- जेसी प्रीती गुप्ता , ग्रीटिंग चेयरपर्सन- जेसीरेट स्वाति गर्ग , जनसम्पर्क अधिकारी- जेसी नूपुर माथुर , ऑडिटर जेसी सजल अग्रवाल एवं उमा गुप्ता , एडिटर शिल्पी अग्रवाल एवं संचालक सदस्यो ने शपथ ली । कार्यक्रम संयोजिका जेसी नेहा जैन थी । इस अवसर पर जेसीआई ग्वालियर के पूर्व अध्यक्ष जेसी ममता अग्रवाल , जेसी रितिका गुप्ता , जेसी रश्मि जैन , जेसी मनीषा गगरानी , जेसी रुपाली मांगलिक , जेसी प्रीती बंसल , जेसी श्वेता गुप्ता , जेसी पल्लवी अग्रवाल , जेसी रूचि अग्रवाल , जेसी साधना शांडिल्य आदि सभी जेसी , मण्डल 6 एवम अन्य अध्यायों से पधारे अतिथि गणों के साथ शहर के गणमान्य नागरिक उपस्तिथ थे ।

# संस्कार, संकल्प, जन प्रबोधन से होगा प्रकृति संरक्षण:भैयाजी जोशी




अमरकंटक। गंगा, नर्मदा जैसी प्रमुख जीवन दायिनी नदियों के प्रति लोगों की बड़ी आस्था है। लेकिन सिर्फ इससे काम नहीं चल सकता। जब नदियों, जंगलों, पर्वतों का अस्तित्व ही नहीं रहेगा तो सिर्फ आस्था का क्या करेंगे ? 14 जनवरी ,2023 ,शनिवार की शायं माता नर्मदा की उद्गम नगरी अमरकंटक के महामृत्युंजय आश्रम में आयोजित नर्मदांचल संवाद यात्रा की महत्वपूर्ण विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं पूर्व संघ कार्यवाह भैया सुरेश जोशी ने उपरोक्त विचार रखते हुए कहा कि मानव सभ्यता के लिये आस्था और प्रकृति का अस्तित्व बचाए रखना जरुरी है। प्रकृति के संरक्षण से समाज की सुरक्षा है और यह उसकी शक्ति भी है। इसके लिये हमें जन सामान्य के प्रबोधन का कार्य करना होगा। प्रकृति संरक्षण के लिये जन जागरुकता ,जन प्रबोधन की जरुरत है।? उन्होंने कहा कि पर्यावरण, प्रकृति संरक्षण की हमारी परंपरा रही है। नर्मदांचल संवाद यात्रा के प्रमुख उद्देश्यों.... मां नर्मदा के पुरातन स्वरूप, वर्तमान परिवेश, आसपास के प्राकृतिक सौन्दर्य एवं वर्तमान नर्मदा तटों पर जीविका के साधन जैसे विभिन्न पहलुओं पर अमरकंटक के सुप्रसिद्ध संत स्वामी विश्वेश्वर आनंद जी महाराज, स्वामी परमानंद जी महाराज पेंड्रा, डॉ दिनेश जी ग्राम विकास प्रांत प्रमुख, जनार्दन डांगे पर्यावरणविद, श्री रामकृष्ण जी प्रांत प्रमुख पर्यावरण संरक्षण गतिविधि महाकौशल प्रांत सहित आसपास के क्षेत्र से नर्मदा एवं प्रकृति संरक्षण के लिये कार्य करने वाले विषय विशेषज्ञों, समाज सेवी, शोधकर्ता, कृषि वैज्ञानिक , एनजीओ संचालकों को संबोधित करते हुए भैया जी जोशी ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार बड़ी शक्ति है। लेकिन सरकार की अपनी विवशताएं होती हैं । दो बातों का बड़ा दबाव होता है। पहला अध्ययन का , ज्ञान और अनुभव के आधार पर और दूसरा संख्या बल ( भीड़ ) के आधार पर सरकार से बात करने का सिस्टम है। लोगों की अज्ञानता एक बड़ी समस्या है। लोगों की अज्ञानता दूर करना बड़ी चुनौती है। हम मनुष्य हैं , हम ही श्रेष्ठ हैं । इस अधिकार से हम प्रकृति पर विजय प्राप्त करना चाहते हैं । जबकि व्यक्तियों की अनदेखी और व्यवस्था में कमी पर्यावरण की बडी चुनौतियां हैं। कचरा हम ही फेंकते हैं। नदियों में गन्दगी हम ही डालते हैं। अधिक उत्पादन के लिये कृषि में रासायनिक खाद ,कीट नाशक हम उपयोग करते हैं। अंधाधुंध वनों की कटाई ,बेहिसाब उत्खनन मनुष्य ही कर रहा है। भैया जी ने उपस्थित लोगों के विचारों और प्रकृति संरक्षण के लिये किये जा रहे कार्यों का स्वागत् करते हुए आह्वान किया कि हम सबको प्रकृति की, वसुंधरा की, नदियों की , पर्यावरण के संरक्षण का नित्य पूजन , संस्कार, कर्म में संकल्प लेना होगा। तभी नर्मदा सहित सभी नदियाँ, उनकी सहायक नदियाँ बची रहेंगी। इससे पूर्व संजय पयासी, विकास चंदेल, नीलू महाराज, वंदे महाराज, प्रो विकास सिंह, प्रो भूमिनाथ त्रिपाठी, प्रो तरुण ठाकुर, प्रो अनिल कुर्मी सहित अन्य लोगों ने रामलाल रौतेल, नरेन्द्र मरावी, कोतमा विकास मंच के संयोजक मनोज द्विवेदी, अशोक खरे, वरिष्ठ पत्रकार रमेश तिवारी, हरिशंकर वर्मा, राजनारायण गौतम, मार्कण्डेय शर्मा, दिनेश द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित लोगों के समक्ष अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किये ।

# ग्वालियर मेले में महापौर ने किया बच्चे बचाओ आन्दोलन प्रदर्शनी का उदघाटन




**ग्वालियर।** व्यापार मेला में बच्चे बचाओ आन्दोलन प्रदर्शनी का शुभारम्भ महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार वरिष्ठ समाजसेवी कांग्रेस नेता अशोक सिंह, गांधीवादी कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, समाजसेवी सुनील शर्मा ने रविवार को किया। प्रदर्शनी में बच्चों से संबंधित जानकारी, एनसीआरबी रिपोर्ट, खबरें, बच्चे चोरी के आंक? इत्यादि को दर्शाया गया हैं।बच्चे बचाओ आन्दोलन प्रदर्शनी में रविन्द्रनाथ शर्मा, मन्नू तिवारी, रामनिवास शर्मा, नरेश बिरथरे, रुपेश वर्मा, शुभम, कौशल, निजाम, मंजर आलम, मनीष यादव, कमल शर्मा, डॉक्टर जावेद अहमद, योगेश शर्मा, धर्मेंद्र सिंह राणा, रवि सिंह, नितिन कुमार, हरेंद्र कुमार, दीपक प्रजापति, फारुख खान, श्रीमती नसीमा, शुभम सिंह सिकरवार, मुकेश शर्मा, राहुल अग्रवाल, कोमल राजे ,अनूप मिश्रा, सोहेल खान, राशिद उस्मानी, गौरव लक्षका, राजीव वर्मा, राजा दीक्षित, पंकज पतरोल, विपिन वर्मा, सागर, दीपक कुमार, रामभद्र सिंह, आकाश पाल इत्यादि उपस्थित थे।

# पुलिस ने किया काम्बिंग गश्त, तीन सैकडा से अधिक बदमाशों पर कार्यवाही

**ग्वालियर।** जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस ने बीती दरम्यानी रात्रि शहर व देहात के थाना क्षेत्रों में काम्बिंग गश्त किया। इस दौरान पुलिस ने फरारी बदमाशों, वारंटियों, गुण्डों, हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की चैकिंग के साथ ही बैंक एटीएम एवं लॉज, ढाबों को भी चैक किया। गश्त में 150 गिरफ्तारी वारंट, 77 स्थाई वारंट तामील कराये गये। साथ ही 188 गुण्डा एवं 183 हिस्ट्रीशीटरों को चैक किया गया, अवैध हथियार सहित 2 आरोपियों, अवैध शराब की तस्करी करने वाले 43 व्यक्तियों, सट्टा खिला रहे 8 सटोरियों तथा जुआ के 7 प्रकरणों में आरोपियों को भी पका गया। काम्बिंग गश्त के दौरान बहोपुर पुलिस ने एक लूट के आरोपी तथा 307 भादवि के दो आरोपियों को पका है। वहीं हजीरा



पुलिस द्वारा जिलाबदर के एक आरोपी एवं थाना माधौगंज पुलिस द्वारा एक चोर को पका गया। कांबिग गश्त में थाना भितरवार पुलिस द्वारा एक कार से गांजा जप्त कर दो आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में पका गया। पुलिस की इस कार्यवाही से जिले के बदमाषों में हडकंप देखने का मिला। पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की, साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीशीटरों के रिकॉर्ड को अपडेट किया। शहर व देहात क्षेत्र की गली मौहल्लों में घूमकर पुलिस ने गुण्डे, बदमाशों की धरपक की। पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों में बाजारों में होने वाली भीभा को दृष्टिगत रखते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से यह कॉम्बिंग गश्त करायी गई। पुलिस टीमों द्वारा गुण्डों एवं बदमाशों के घर जाकर उनकी जानकारी ली गई। चैकिंग के दौरान प्रत्येक गुण्डा, बदमाश को चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जेल से रिहा होकर आये आरोपियों को भी चैक किया गया। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

# डीआरपी लाईन में पुलिस कर्मियों के लिये लगा निःशुल्क मेडीकल चैकअप कैम्प

**ग्वालियर।** पुलिस लाईन स्थित सामुदायिक भवन में पुलिस स्टॉफ व उनके परिजनों के लिये मेदांता




हॉस्पिटल के सहयोग से सुपरस्पेशियलिटी हेल्थकैंप का आयोजन किया गया। मेडीकल कैंप में मेदांता हॉस्पिटल के स्पेशलिस्ट डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा लगभग 150 से अधिक पुलिस कर्मियों का हेल्थ चैकअप किया गया और उन्हें स्वास्थ संबंधी परामर्श दिया गया। इस मेडिकल कैम्प में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, आँखों की जांच, दांतों की जांच तथा जो?ों के दर्द की जांच विशेषज्ञों द्वारा की गई। मेडीकल कैम्प में आये 150 से अधिक पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का निःशुल्क चैकअप कर उनको आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया।रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह ने पुलिस कर्मियों के लिये निःशुल्क मेडीकल चैकअप कैम्प आयोजित करने के लिये मेदांता हॉस्पिटल के डॉ0 राहुल, डा0 शहबाद, डॉ0 दीपक, डॉ0 आनंद देवकर, नर्सिंग स्टॉफ से सुश्री शिफाली, सुश्री मनीषा तथा मार्केटिंग के उपेन्द्र एवं अमित का आभार व्यक्त किया। रक्षित निरीक्षक ने कहा कि पुलिस कर्मियों के बेहतर इलाज के लिये निःशुल्क मेडीकल कैम्प लगातार आयोजित किये जा रहे है। विगत वर्षो में ग्वालियर पुलिस द्वारा विभिन्न संस्थाओं व हॉस्पिटलों के सहयोग से पुलिस कर्मियों के बेहतर उपचार हेतु लगातार निःशुल्क हेल्थ कैंप पुलिस लाईन में लगाये जा रहे हैं, जिसका लाभ पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों को मिल रहा है। शिविर में सूबेदार रूमा नाज, समाजसेवी सुमित शर्मा तथा पुलिस लाईन एवं विभिन्न थानों से आये ग्वालियर पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# बजरंग भक्त मंडल ने गौशाला में मनाया मकर संक्रांति पर्व



बजरंग भक्त मंडल द्वारा निरंतर की जाने वाली गौभोग सेवा के क्रम में रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर 500 किलो हरे चारे (लूसन) एवं गुड़ अजवाइन के लगभग 100 लड्डूओ की गौभोग सेवा मार्क हॉस्पिटल गौशाला, गोला का मंदिर ग्वालियर पर मंडल के सदस्यों के सहयोग से की गई7मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल ने आमजन से गौसेवा से जु?ने की अपील की है। गौभोग सेवा में मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल, उपाध्यक्ष अमन गर्ग, सचिव राकेश मंगल, सह सचिव जितेंद्र चंदेल, कार्यकारिणी सदस्य विशाल अग्रवाल, नमन अवस्थी, मनीष राय, सतीश शर्मा, विवेक शर्मा, कौशल अग्रवाल, रामकिशोर मंगल आदि सदस्य उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478